चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 144, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 01 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट





## संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में प्रधानमंत्री मोदी ने किया योग, दिखा 'वसुधैव कुटुंबकम' का भाव

## 'कॉपीराइट, पेटेंट और रायल्टी से मुक्त है योग'



**न्यूयॉर्क। संयुक्त** राष्ट्र संघ के मुख्यालय में बुधवार को दुनिया के विभिन्न देशों के लोगों ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ योग किया। इस दौरान प्राचीन भारतीय परंपरा ह्यवसुधैव कुटुंबकम्ह्न का भाव जाग्रत दिखा। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि सभी देशों के लोगों का योग करना सुखद है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया। दुनिया के विभिन्न देशों से जुटे लोगों को देख मोदी ने कहा कि मैं आप सभी को देखकर प्रसन्न हूं और आने के लिए आप सभी का धन्यवाद करता हूं। मुझे बताया गया है कि आज यहां लगभग हर राष्ट्रीयता का प्रतिनिधित्व है। वैसे भी योग का मतलब है जोड़ना, इसलिए योग के लिए आप साथ आ रहे हैं। मोदी ने कहा कि यहां आपमें से बहुत सारे लोग बहुत दूर यहां आए हैं। योग भारत से आया है और यह बहुत पुरानी परंपरा है। सभी प्राचीन भारतीय परंपराओं की तरह यह भी जीवंत और गतिशील है। योग जीवन का एक तरीका है। ये विचारों और कार्यों में सावधानी बरतने का एक तरीका है। ये स्वयं के साथ, दूसरों के साथ और प्रकृति के साथ सद्भाव से जीने का तरीका है। योग कॉपीराइट, पेटेंट और रॉयल्टी से मुक्त होता है। योग आपकी आयु, लिंग और फिटनेस स्तर के अनुकूल है। योग पोर्टेबल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम योग की शक्ति का उपयोग न केवल स्वस्थ, खुश रहने के लिए करें बल्कि स्वयं और एक-दूसरे के प्रति दयालु होने के लिए भी करें। आइए हम शांतिपूर्ण दुनिया और स्वच्छ, हरित और टिकाऊ भविष्य के पुल बनाने के लिए योग की शक्ति का उपयोग करें। आइए हम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लक्ष्य को साकार करने के लिए हाथ मिलाएं। उन्होंने कहा कि पिछले साल पूरी दुनिया 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए एक साथ आई थी। एक बार फिर से पूरी दुनिया को योग के लिए फिर से साथ आते देखना अद्भुत है।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के लॉन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि आज का उत्सव वास्तव में बहुत खास हो गया, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां योग करने के लिए जुटे लोगों का नेतृत्व करने आए हैं। उन्हीं के नेतृत्व में 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया था। इस आयोजन में दुनिया के तमाम दिग्गज जुटे।

पीएम मोदी के नेतृत्व में योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय गायिका मैरी मिलबेन भारतीय परिधान में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पहुंचीं। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छी सुबह है और इस महान दिन का हिस्सा बनना कितना अद्भुत सम्मान है। भारतीय प्रधानमंत्री अपनी संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा का जश्न मना रहे हैं और निश्चित रूप से वे सभी अद्भुत काम दुनिया भर में कर रहे हैं। हमारे पास एक अच्छा हफ्ता होने वाला है। इसी तरह रिचर्ड गेर भी योग करने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि आज यहां बहुत अच्छा अहसास हो रहा

**योगमय हुई दुनिया...**

**देश** में बुधवार को नौवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

सूरत में सवा लाख लोगों ने एक साथ योग करके रिकॉर्ड बनाया। उधर, भारतीय सेना के अफसरों और जवानों ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक योग किया। राजस्थान के रेगिस्तान में भी जवानों ने आसन लगाए। इस साल इसकी थीम वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' रखी गई है। पीएम मोदी ने अमेरिका से वीडियो संदेश में कहा, 'योग ग्लोबल स्पिरिट बन **गया।**

## 'ओशन रिंग ऑफ योगा' का फॉर्मेशन किया




**उधर**, नेवी ने इस मौके पर 'ओशन रिंग ऑफ योगा' का फॉर्मेशन किया। भारतीय नौसेना के 19 जहाजों पर सवार लगभग 3,500 नौसैनिकों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्रों में योग के राजदूत के रूप में 35000 किमी का सफर तय किया। बांग्लादेश में चटगांव, मिस्र में सफागा, इंडोनेशिया में जकार्ता, केन्या में मोम्बासा, मेडागास्कर में टोमासीना, ओमान में मस्कट, श्रीलंका में कोलंबो, थाईलैंड में फुकेत, मलेशिया में मलक्का और संयुक्त अरब अमीरात (वअए) में दुबई में पोर्ट कॉल में ये शिप्स मौजूद थे। यहीं से इन्होंने 'ओशन रिंग ऑफ योगा' बनाई। इनमें किल्टन, चेन्नई, शिवालिक, सुनयना, त्रिशूल, तरकश, वागीर, सुमित्रा और ब्रह्मपुत्र शिप्स शामिल हैं। पिछले आठ साल से पीएम मोदी देश में लोगों के बीच योग करके योग दिवस मनाते आए हैं। इस बार वे अमेरिका में स्टेट विजिट पर हैं।

ऐसे में उन्होंने सुबह वीडियो संदेश जारी करके लोगों को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं।

**योग लोगों को जोड़ता है : यूएन महासचिव**

योग दिवस से एक दिन पहले यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि योग न केवल शरीर और मन को जोड़ता है, बल्कि दुनियाभर के लाखों लोगों को भी जोड़ता है। यह चिंता को कम करता है और मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मदद करता है।

## बर्फीली सियाचिन की चोटियों पर हुआ योग



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना और नौसेना ने बुधवार को नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया। सेना ने देश के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में योग सत्र आयोजित करके भारतमाला बनाई। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे दिल्ली कैंट के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में शामिल होकर योग को दैनिक आदत बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए सभी स्टेशनों, इकाइयों और जहाजों पर योग सत्रों का आयोजन किया। देश के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में योग का आयोजन करने के लिए बनाई गई भारतमाला का एक सिरा डोंग के पूर्वी छोर से शुरू हुआ, जहां सूर्य की पहली किरणें भारत में पड़ती हैं। भारतमाला का दूसरा सिरा पश्चिम क्षेत्र में राजस्थान के लोंगेवाला के रेत के टीलों तक गया, जहां 1971 का भीषण युद्ध हुआ था।

इसी प्रकार सियाचिन की बर्फ से लदी चोटियों से कन्याकुमारी के दक्षिणी सिरे और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तक भारतमाला बनाई गई।

## मांझी पहुंचे दिल्ली, शाह से की मुलाकात



**नई दिल्लीः** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी व उनके पुत्र संतोष सुमन मांझी ने बुधवार को दिल्ली पहुंचकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने मंगलवार को बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर को पत्र सौंपकर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन की सरकार से आधिकारिक तौर पर अपना समर्थन वापस ले लिया था। उसके बाद दोनों नेता आज दिल्ली पहुंचे हैं। सूत्रों का कहना है कि दोनों नेताओं ने शाह से लगभग 45 मिनट तक वार्ता की और अब ये राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से जुड़ गए हैं।

उल्लेखनीय है कि 23 जून को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पटना में विपक्ष की एक बड़ी बैठक होने वाली है। इस बैठक के पहले नीतीश कुमार के महागठबंधन की सरकार से मांझी ने खुद को अलग कर लिया और आरोप लगाया कि उन पर पार्टी को विलय करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था।

## एलन मस्क ने पीएम मोदी की प्रशंसा की



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की राजकीय यात्रा पर पहुंचे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क में टेस्ला व स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क सहित कई जानी-मानी हस्तियों से मुलाकात की। भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद एलन मस्क ने गर्मजोशी भरी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वे भारत के भविष्य के लिए काफी उत्साहित हैं और विश्व के अन्य देशों के मुकाबले वे भारत में सबसे अधिक संभावनाएं देखते हैं। उन्होंने कहा कि वे भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के प्रशंसक हैं जो निवेश के लिए हमेशा प्रेरित करते हैं। अमेरिका की राजकीय यात्रा पर पहुंचे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। उससे पहले उन्होंने विभिन्न प्रमुख हस्तियों से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद एलन मस्क ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वास्तव में भारत की परवाह करते हैं इसलिए महत्वपूर्ण निवेश के लिए वे हमेशा प्रेरित करते हैं। वे भारत के लिए सही चीजें करना चाहते हैं और वे हमेशा सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कंपनियों से भारत को कैसे लाभ हो। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि जल्द ही भारत में भी स्टारलिंक लॉन्च करेंगे। उन्होंने कहा कि इसी साल के अंत तक भारत में टेस्ला के लिए जगह पक्की तय कर लेंगे। न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री मोदी ने एलन मस्क के अतिरिक्त जाने-माने विद्वान नसीम निकोलस तालेब, प्रोफेसर रॉबर्ट थुरमन सहित कई अन्य हस्तियों से मुलाकात की।

## सीएम गहलोत लोगों को राशन भी दें : वसुन्धरा राजे



**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा है कि मुख्यमंत्री हवाई दौरे करने के साथ-साथ चक्रवात प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत भी प्रदान करें। कोरे दौरों से किसी का पेट भरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को ही नहीं आम लोगों को भी बिपरजॉय तूफान से होने वाली तबाही का पूवार्भास था। इसके बावजूद मुख्यमंत्री अलर्ट नहीं हुए।नतीजा यह हुआ कि कई लोगों की मौत हो गई। भारी तादाद में पशु धन नष्ट हो गया। गांव के गांव जलमग्न हो गए, सम्पर्क सड़कें टूट गई। लोगों के घर ढ़ह गए। लोगों के पास राशन खत्म हो गया। इतना सब होने के बाद भी मुख्यमंत्री लोगों तक राहत पहुंचाने के बजाय सिर्फ. हवाई दौरे कर आहत परिवारों के जख़्मों पर नमक छिड़क रहे है। राजे ने कहा कि बिपरजॉय चक्रवात से जिन-जिन परिवारों को नुकसान हुआ है सरकार उन्हें तत्काल राहत प्रदान करें। सरकारी खानापूर्ति बाद में होती रहेगी।

### 12,500 करोड़ के कोविड सेंटर स्कैम में एक्शन; 15 ठिकानों पर तलाशी जारी

## उद्धव-आदित्य के करीबियों के यहां ईडी की रेड



**मुंबईः** मुंबई के बीएमसी कोविड सेंटर स्कैम मामले में बुधवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शहर के 15 ठिकानों पर छापेमारी की। शिवसेना (उद्धव) के सचिव सूरज चव्हाण, क्अर संजीव जैसवाल, संजय राउत के बिजनेस पार्टनर सुजीत पाटकर के ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है। मामला 12,500 करोड़ के बीएमसी कोविड सेंटर स्कैम से जुड़ा है। ईडी ने कोविड सेंटर बनाने में मदद करने वाले बीएमसी अफसरों और सप्लायर्स समेत अन्य लोगों के घरों पर भी रेड की है।

**धोखाधड़ी कर हासिल किया कोविड सेंटर के मैनेजमेंट का ठेकाः** कोरोना काल में महाराष्ट्र में कई जगहों पर कोविड सेंटर बनाए गए थे। भाजपा का आरोप है कि सेंटर्स के ठेके उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे के करीबियों को मिले थे। सोमवार को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने आरोप लगाया था कि बीएमसी में कोविड सेंटर के नाम पर 12,500 करोड़ का घोटाला हुआ है।

**धोखाधड़ी से लिया कोविड सेंटर का ठेकाः** अधिकारियों के मुताबिक, सुजीत पाटकर और उनके 3 सहयोगियों ने महामारी के दौरान धोखाधड़ी कर कोविड-19 फील्ड अस्पतालों (कोविड सेंटर) के प्रबंधन का ठेका हासिल किया था। मुंबई के आजाद मैदान की पुलिस ने पिछले साल अगस्त में पाटकर, उनके 3 सहयोगियों और लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेज फर्म के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज किया था। मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से जांच करने के लिए एऊने पुलिस की एफआईआर के आधार पर केस दर्ज किया था।

## कर्नाटक की अन्न भाग्य योजना को विफल करने में जुटी है मोदी सरकार : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार कर्नाटक को चावल उपलब्ध नहीं करवा रही है क्योंकि मोदी सरकार राज्य की अन्न भाग्य योजना को विफल करना चाहती है। केन्द्र सरकार की भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने राज्य सरकार को चावल देने से मना कर दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि मोदी सरकार गरीब-विरोधी है और प्रतिशोध की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक की जनता से वादा किया था कि उनकी सरकार 01 जुलाई से अन्न भाग्य गारंटी के तहत राज्य के गरीब परिवारों को 10 किलो मुफ्त चावल देगी, लेकिन केन्द्र सरकार इस योजना को सफल नहीं होने दे रही है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, महिला की मौत

**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर झूंसी थाने के निकट बुधवार की शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे पति की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिसे स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया। थरवई के गारापुर निवासी अवधेश मौर्या किसानी करते हैं। उनकी पत्नी कुसुम मौर्या 42 मलाका मय भैसाही स्थित प्राइमरी विद्यालय में शिक्षा मित्र थीं। बुधवार की शाम अवधेश अपनी पत्नी कुसुम का इलाज करवाने एसआरएन गए थे। वापसी पर झूंसी के शास्त्री पुल के ढाल पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। इससे पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। दोनों को निकट के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने शहर के लिए रेफर कर दिया। लोग दोनों को एसआरएन ले गए जहां डॉक्टरों ने कुसुम को मृत घोषित कर दिया। अवधेश मौर्य की हालत गंभीर बताई। मृतका की तीन संतान हैं। दो बेटी व एक बेटा है।

### स्वास्थ्य रहने के लिए रोजाना करें योग : बब्बन दुबे



नैनी नैनी के गंगोत्री नगर अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर गंगोत्री नगर स्थित अपने आवास पर लोगो को योगाभ्यास कराते वरिष्ठ सपा नेता बब्बन दुबे गंगोत्री नगर वासियों को अपने आवास पर योगा का कार्यक्रम की शुरूआत विभिन्न आसनों से शुरूआत हुई इसके बाद सूर्य नमस्कार कपाल भारती अनुलोम विलोम आदि आसनों को कराया गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस :

# क्रियायोग गुरु ने सांस्कृतिक केंद्र व होमगार्ड कार्यालय सहित विभिन्न जगहों पर दी क्रियायोग की शिक्षा







अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र के प्रांगण में क्रियायोग गुरु के सानिध्य में 9 वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रयागराज शहर के विभिन्न स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने योग दिवस के अवसर पर सुबह 4:30 से 10 बजे तक अनवरत क्रियायोग की शिक्षा देते हुए योग के महत्व समझाया। इस अवसर पर देश ही नहीं विदेश के भी साधक विभिन्न स्थानों पर मौजूद रहे। क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी 9 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर प्रयागवासियों को क्रियायोग के महत्व को और योग के उच्चतम ज्ञान की अवस्था को समझाया। उन्होंने बताया कि योगेश्वर कृष्ण अर्जुन को आध्यात्मिक शिक्षा देते हुए स्पष्ट किया कि हे अर्जुन योगी बनो'। योग वह अवस्था है जिसमें समय व दूरी (माया) का लोप हो जाता है और मनुष्य अपने वास्तविक स्वरूप की अनुभूति करता है जिससे उसे उसके व परब्रह्म के बीच शाश्वत एकता की अनुभूति होती है। इसके पश्चात क्रियायोग के विभिन्न रिचार्जिंग बिंदुओं को स्पष्ट करते हुए 15 मिनट का अभ्यास कराया।

## 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर क्रियायोग गुरु ने योगेश्वर कृष्ण के उपदेशों को समझाया

अर्जुन को शिक्षा देते हुए भगवान कृष्ण ने कहा कि वह मनुष्य जो परंपरागत से परमसत्य की अनुभूति के लिए सामान्य तरीके से तप, ज्ञान एवं कर्म का अभ्यास करता है उसे बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस कठिनाई को दूर करने के लिए अर्जुन तुम इस अविनाशी परमज्ञान को अनुभव करो। इसी ज्ञान को महावतार बाबा ने क्रियायोग कहा है। लाहिड़ी महाशय को क्रियायोग की दिक्षा देते समय महावतार बाबाजी ने कहा कि जिस ज्ञान को मैं तुम्हें दे रहा हूं उसे हजारों वर्ष पूर्व भगवान कृष्ण ने अजुर्न को दिया था। सामान्य तरीके से इस ज्ञान को ग्रहण नहीं किया जा सकता। योगेश्वर कृष्ण अर्जुन को ज्ञान इसलिए दे पाए क्योंकि अर्जुन श्रीकृष्ण को सखा (शाश्वत मित्र) के रूप में अनुभव करते थे। योगेश्वर कृष्ण को सखा के रूप में अनुभव करने के लिए क्रियायोग सरलतम एवं श्रेष्ठतम मार्ग है। क्रियायोग ध्यान से अनुभव होता है कि सखा तीन अक्षरों के संयोग से बना है स ख एवं अ स का अभिप्राय जीवन, ख (आसमान का अभिप्राय असीमता व अ का अभिप्राय सृजन, संरक्षण व परिवर्तन से सम्बन्धित ज्ञान एवं शक्ति से है। अर्जुन ने श्रीकृष्ण को सखा के रूप में अनुभव किया इसलिए अर्जुन कृष्ण भगवान द्वारा दी गई शिक्षा को आत्मसात कर सके। अभ्यास से सिद्ध हो चुका है कि हम मनुष्य कृष्ण को सखा के रूप में आसानी से अनुभव कर लेते है। ऐसी स्थिति में अंतःकरण में कृष्ण भगवान का ज्ञान प्रज्जवलित हो जाता है और हम विकास की उच्चतम अवस्था योग की अनुभूति कर लेते है जिसे एकोहं बहुस्यामि कहते है। गुरुदेव ज्ञानावतार स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरि जी जो लाहिड़ी महाशय जी के श्रेष्ठतम शिष्य थे, जिन्होंने परमहंस योगानंद को 10 वर्ष तक आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान कर पश्चिमी देशों में क्रियायोग के प्रचार प्रसार के लिए भेजा। स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरि मृत्युंजय महावतार बाबाजी द्वारा प्राप्त हुए आज्ञा के अनुसार कैवलदर्शनम की रचना की जिसके तीसरे चैपटर साधन (प्रोसिजर) के सूत्र नं0 12 से 18 में स्पष्ट किया है कि जब मनुष्य आठ प्रकार के बंधन - घृणा, भय, लज्जा, शोक, निंदा, जाति अभिमान, कुल - अभिमान एवं आत्माभिमान से ग्रसित होता है तब वह यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि का अभ्यास नहीं कर सकता। क्रियायोग ध्यान करने से मनुष्य आठ प्रकार के बंधनों से मुक्त हो जाता है और वह यम, नियम, आसन आदि का सही अभ्यास करके परमसत्य की अनुभूति कर लेता है। ऐसा होते ही मनुष्य समस्त प्रकार के कष्टों से हमेशा के लिए मुक्त हो जाता है। जिसे मोक्ष कहते है। सामान्य तरीके से उपरोक्त 8 बंधनों से मुक्ति पाने के लिए 10 लाख वर्ष व्याधिरहित समय की आवश्यकता होती है। 50 मिनट प्रतिदिन भक्तिपूर्ण क्रियायोग के अभ्यास से 10 लाख वर्षों में लंबी अवधि घटकर लगभग 33 वर्ष हो जाती है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुरूदेव स्वामी श्री योगी सत्यम द्वारा क्रियायोग अभ्यास क्रियायोग आश्रम के प्रांगण के साथ-साथ पुलिस होमगार्ड टेनिंग सेन्टर, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृति केन्द्र सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया। क्रियायोग कार्यक्रम के समागम में भारत के साथ-साथ अमेरिका, कनाडा, सिंगापूर, ब्राजील, यूरोप, साउथ आदि देशों से लोगों ने भाग लिया।







# परेड ग्राउंड में 8 हजार से अधिक लोगों ने पूरे उत्साह के साथ किया योगाभ्यास

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** 9 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में 8 हजार से अधिक लोगों ने पूरे मनोयोग एवं उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत व जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ह्ववसुधैव कुटुंबकमह्न की भावना के साथ ह्नहर घर आंगन योगह्न की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले लोगों को योग प्रशिक्षक धर्मेन्द्र मिश्र द्वारा उपस्थित लोगो को योगाभ्यास के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर बनाया गये सेल्फी प्वाइंट, सैण्डआर्ट एवं स्केटिंग योगा लोगो के आकर्षण केन्द्र बना रहा। लोगो ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। सैण्ड आर्ट व स्केटिंग योगा के माध्यम से लोगो को योग का संदेश दिया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से लोगो को संदेश दिया गया कि लोग योगा करें और स्वस्थ रहे। योग सप्ताह में सराहनीय कार्य करने वाले 10 लोगो को मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी के संबोधन का लाइव प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगणों के अलावा आईजी चन्द्र प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, डीसीपी गंगापार एवं यमुनापार सहित अन्य अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रंजना त्रिपाठी ने किया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

### सांसद इलाहाबाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# नैनी सेंट्रल जेल में कैदियों ने ली योग की पाठशाला

**नैनी।** में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जगह जगह पर योगाभ्यास और प्राणायाम का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जेल में कैदियों के लिए तो बाघंबरी मठ में साथधु संतों के लिए योग की पाठशाला लगी। जिसमें प्रशिक्षित योगाभ्यास करने वालों ने लोगों को योगा और हटेशन करना सिखाया मेडिटेशन करना सिखाया। नैनी के सेंट्रल जेल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग फॉउन्डेशन के एसके निगम के मार्गदर्शन में बंदियों के लिए योग की पाठशाला लगाई गई। जिसमें वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर की मौजूदरगी में सभी जेल के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ बंदियों ने भी सामूहिक रूप से योगाभ्यास एवं प्रणाम किया। सभी को यह संकल्प दिलाया कि अब अनवरत रूप से चाहे आधे घंटे का ही योगाभ्यास करें, लेकिन योग जरूर करें। उधर, प्रयागराज के बंधवा के लेटे हनुमान मंदिर के महंत स्वामी बलबीर गिरी ने संत महात्माओं के साथ योगाभ्यास किया। बलवीर गिरी ने कहा योगाभ्यास जीवन का अभिन्न अंग है। विद्या भारती काशी प्रांत संगठन मंत्री डॉ. राम मनोहर, भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी, विद्यालय प्रबंधक शिवकुमार पाल व प्रधानाचार्य डॉ. विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी की मौजूदगी में सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र, नैनी में विद्यालय परिसर में किया गया। योगाचार्य अभिषेक कुशवाहा, विनोद कुमार ने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ एवं छात्रों को विभिन्न योग, आसन, प्राणायाम, ध्यान करना सिखाया। इस अवसर पर विद्यालय में चल रहे समर कैंप का समापन हुआ। इसमें सभी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किए।

### बाघंबरी मठ में साधु संतों ने किया योग, योगाचार्य बोले- जीवन जीने का कला सीखाता है योग





### स्कूल कालेजो में मनाया गया योग दिवस

**झूंसी।** क्षेत्र के स्कूल कालेजो के साथ कालोनी के पार्को में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। छतनाग स्थित न्यू आरएसजे स्कूल में शिक्षक शिक्षिकाओ को योग टीचर सुभाष ओझा ने योगाभ्यास कराया। सरोज विद्या संकर इंटर कालेज में योग दिवस पर प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी ने उपस्थित सभी को योग दिवस की बधाई दी। अंदावा स्थित न्यू टाउनहाल पब्लिक स्कूल में योग दिवस पर योग गुरु कौशल किशोर के सानिध्य में योगा अभ्यास कराया गया। विद्यालय प्रबन्धक रोमिला रस्तोगी ने कहा कि योगा से होगा इस लिए नियमित योग करे। त्रिवेणीपुरम ग्राउंड में विजय ग्रुप ऑफ झूंसी हॉकी एकेडमी की ओर से आयोजित योगा अभ्यास में खिलाड़ियों ने योगा अभ्यास किया। इस दौरान योग गुरु जावेद, कोच विजय सिंह, पार्षद शिवनरायन यादव मौजूद रहे।

# मानव और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए योगाभ्यास जरूरी : केदार रंजन

### मेजा ऊर्जा निगम में मनाया गया 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम में बुधवार को 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर निगम के कर्मचारियों, परिवारजनों और अन्य हितधारकों ने एक साथ मिलकर योगाभ्यास किया। योगाभ्यास कार्यक्रम प्रयागराज की माला स्वराज के नेतृत्व मे किया गया। कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त करते हुए मेजा उर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केदार रंजन पांडु ने योगाभ्यास पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मानव जाति और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से हमारे देश के प्राचीन मनीषियों द्वारा योग परंपरा का विकास किया गया था। उन्होंने भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा दिए गए हर आँगन योग के आह्वान को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने का सभी से आग्रह किया इतना ही नहीं श्री पांडु यह भी कहा कि मानव और प्रकित के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए योगाभ्यास जरूरी है। इस अवसर पर जी.पी. सिंह, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), पी.के. साबत, महाप्रबंधक (सी एंड एम), एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (परियोजनाएं), ए.के. सिन्हा, अपर महाप्रबंधक (वित्त), अखिल पटनायक, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं महिला क्लब अपराजिता महिला समाज एवं कार्यपालक संघ के पदाधिकारी तथा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अलावा कई अन्य लोग आम जनमानस के लोग प्रमुख रुप से योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया।





### मेजा में तहसील,ब्लॉक और स्कूलों में योग कार्यक्रम आयोजित

**मेजा।** बुधवार को मेजा क्षेत्र में 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में वसुधैव कुटुंबकम विषय के तहत लोग योगा करते दिखे। मेजा तहसील प्रांगण में योग दिवस पर योग गुरु जय प्रकाश द्वारा विभिन्न प्रकार के योग कराया गया और उसके फायदे के बारे में विस्तार से बताया। सुबह 6 बजे से एक घंटे तक चले कार्यक्रम में तहसील के अधिकारी व कर्मचारियों ने योग किया और उसकी बारीकियों को समझा।एसडीएम मेजा अनुभव कन्नौजिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग का अभ्यास शरीर और मस्तिष्क की सेहत के लिए फायदेमंद है। तहसीलदार मेजा विशाल शर्मा,नायब तहसीलदार मेजा अनुग्रह सिंह,नायब तहसीलदार लालतारा राजेंद्र सिंह,नायब तहसीलदार मांडा सुलभ तिवारी, एसडीएम स्टोनो राजेश मिश्रा सहित भारी संख्या में लेखपाल व कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में मेजा ब्लॉक में प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र के नेतृत्व मेंयोग दिवस मनाया गया। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक विवेकानंद पांडेय ने योग करने से जीवन में होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया। प्रमुख प्रतिनिधि श्री मिश्र ने कहा कि योग केवल व्यायाम के बारे में नहीं है, यह स्वयं के साथ, दुनिया के साथ और प्रकृति के साथ जुड़ाव की भावना को खोजने का एक तरीका है। इस मौके पर बीडीओ मेजा ओमप्रकाश गुप्ता,एडीओ समाज सुशांतु पांडेय,मनरेगा ऑपरेटर अजय यादव, रामकृष्ण गुप्ता,प्रदीप अवस्थी,मदनलाल,विकास पांडेय,कृष्ण मुरारी यादव,मयंक शुक्ला,आशुतोष मिश्र,राहुल मिश्र सहित ब्लॉक कर्मी व सफाई कर्मी मौजूद रहे।इसी क्रम में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आरबीएस महाविद्यालय एवं आर बी एस लॉ कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन बी एड विभागाध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी ने किया। श्री त्रिपाठी द्वारा विभिन्न आसन योग प्राणायाम जैसे सूर्य नमस्कार, पद्मासन, सूक्ष्म योग, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, इत्यादि का शारीरिक लाभ बताते हुए कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश मिश्र ने बताया कि योग ना केवल शारीरिक स्वास्थ्य को संरक्षित रखता है वरन योग मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाता है। आज के युग में जब हाइपरटेंशन एवं तनाव प्रबंधन एक विकट समस्या है, तो योग एक संजीवनी की भांति मानसिक स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने का कार्य करता है। योग के माध्यम से मनुष्य अपनी शारीरिक संभावनाओं का संपूर्ण सदुपयोग कर सकता है। योग के द्वारा मनुष्य अनंत संभावनाओं को प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं प्रवक्ता गण को महाविद्यालय के प्रबंधक आदित्य शुक्ला ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाविद्यालय के प्रवक्ता गण राकेश तिवारी, चंद्रमा प्रसाद तिवारी, गौरव शुक्ला, राहुल मिश्रा, आशीष दुबे, नवनीत दुबे, महेंद्र चौरसिया, अशोक शुक्ला, घनश्याम यादव, मनोज गुप्ता वीरेंद्र तिवारी, शरद मौर्य,अभिषेक सिंह बृजेश नारायण शुक्ला, शुभम मिश्रा, विकास यादव, ललित पांडे, दिनेश मिश्रा, विनय पांडे, अक्षय शुक्ला और शैलेंद्र जायसवाल सहित भारी संख्या में बीएड के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

अखंड भारत संदेश

नैनी। के धनुआ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मुख्य सेवा केंद्र बसवार रोड, धनुआ में स्थित सद्भावना केंद्र में सुंदर योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैप्टन रेखा रानी पटेल ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित योग सीखने के उत्सुक सदस्यों को सूर्य नमस्कार सहित योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया श्री साहब सिंह, सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद ने इस अवसर पर सुंदर गीतों के माध्यम से अपने जीवन को योगमय बनाने का संदेश दिया। आगंतुकों को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय निदेशिका मनोरमा दीदी ने बताया कि योग हमारी चित्त की वृत्तियों का निरोध कर हमारे कर्म में कुशलता लाने का मार्ग है। उन्होंने बताया योग के लिए बैलेंस होना बहुत जरूरी है। जैसे योगासन के लिए बैलेंस करना होता है ऐसे ही आंतरिक योग के लिए भी हमें अपने जीवन में बैलेंस रखना होता है। उन्होंने बताया कि योग का शाब्दिक अर्थ जुड़ना होता है और परमात्मा शिव ने प्रजापिता ब्रह्मा के द्वारा हम सभी को राजयोग सिखाया, जिससे हम परमात्मा से जुड़ सकें और अपने जीवन में कुशलता ला सकें। वास्तव में योग की धारणा ही आत्मा के परमात्मा से मिलन की है और इसके लिए परमात्मा से प्रीत होना बहुत जरूरी है। परमात्मा से प्रीत उसी की हो सकती है जिसके दिल में सच्चाई और सफाई है, जो दैहिक आधार पर जीवन नहीं जीता बल्कि संसार को आत्मिक भाव से देखता है।वही वास्तविक योगी है। अतः हम सभी को भी अपने जीवन में स्वशासन और सुशासन लाने के लिए राजयोग का अभ्यास करना बहुत जरूरी है, जो ब्रह्माकुमारीज में प्रतिदिन परमात्मा शिव द्वारा सिखाया जाता है। तत्पश्चात राजयोगिनी श्रद्धा बहन ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार रतन दीक्षित, उद्यान अधिकारी भास्कर जी, आनंद कुमार, ने भी अपने विचार रखे।



## अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कर ली गंगा स्वच्छता शपथ

**प्रयागराज।** जिला गंगा समिति प्रयागराज द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन सुबह मिंटो पार्क में किया गया' कार्यक्रम में प्रभागीय निदेशक महावीर काउजलगी,सेवानिवृत्ति प्रभागीय निदेशक पी एन सिंह, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे ,जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ,पतंजलि योग समिति के योग गुरु इंद्रमानी हिमालय ,विभिन्न क्षेत्रीय वन अधिकारी उपस्थित रहे 'कार्यक्रम का शुभारंभ योग गुरु इंद्रमानी हिमालय योग प्रशिक्षक द्वारा योग मंत्र से किया गया । योग प्रशिक्षक के द्वारा सूक्ष्म योगा से आरंभ कर कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए ताड़ासन, भागीरथी आसन, भुजंगासन, मकरासन, उत्कृष्टासन, ब्रजासन, कपालभाति व भ्रामरी प्राणायाम आदि का योगाभ्यास कराया गया ' मौके पर प्रभागीय निदेशक ने कहा कि योगाभ्यास शरीर और मन के बीच सामंजस्य प्रदान करके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करता है। पी एन सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से भारत ने इस पारंपरिक विधा की विरासत को फिर से हासिल किया है। जिला युवा अधिकारी ने सभी लोगो को योग करने हेतु प्रोत्साहित किया 'जिला परियोजना परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने बताया की इस बार 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के थीम वन वर्ल्ड- वन हेल्थ योग दिवस मनाया गया'कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के प्रतिभागी, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक, भारतीय वन्यजीव के गंगा पहरी एवं वन विभाग का स्टाफ मौजूद रहा । अंत में कार्यक्रम का समापन मंच संचालक आलोक द्वारा गंगा स्वच्छता की शपथ ग्रहण करवाकर किया गया।



# शहर से लेकर गांव तक रही योग की धूम

## पुलिस लाइन में दो हजार से अधिक लोगों ने किया योगा, डीएम, एसपी, विधायक, नपाध्यक्ष सहित अधिवक्ताओं, व्यापारियों ने किया योगा



राजकीय इंटर कालेज मं आयोजित कार्यक्रम में मौजूद डीएम, एसपी व जनप्रतिनिधि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आज अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर से गांव तक चहुंओर योगा की धारा बह रही थी। शहर में सबसे ज्यादा भीड़ पुलिस लाइन में थी जहां दो हजार से अधिक लोगों को प्रषिक्षकों ने योगासन कराया।

योगासन करने वालों में जिलाधिकारी प्रकाष चंद्र श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, सीडीओ ईषा प्रिया, एडीएम त्रिभुवन विष्वकर्मा, सीआरओ, एएसपी पूर्वी, एसडीएम सदर शैलेन्द्र वर्मा, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, के अलावा अधिवक्ताओं तथा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगाभ्यास किया। इसके अलावा जिले के सभी षिक्षण संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, सभी तहसीलों, नगर पंचायतों, ब्लाकों, अस्पतालों में योगा किया गया। योगा हर रोग का इलाज है, इसी मान्यता को लेकर छोटे-बडे. बुजुर्ग सभी योगा कर रहे थे। इसी प्रकार बाबागंज में अटल वाटिका में व्यापारियों तथा क्षेत्र के लोगों ने योगाभ्यास किया। यहां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को उत्सव की तरह मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम के बीच में अमेरिका में अन्तर्राष्ट्रीय योग के महत्व पर प्रधानमंत्री का उद्बोधन का सचित्र प्रसारण दिखाया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 ओपी राय के निर्देष पर प्रधानाचार्यों, षिक्षकों ने योग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उधर 9वें अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में व्यापार मण्डल के अन्य पदाधिकारी व सैकड़ों व्यापारी बंधु को लेकर पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर जिला महामंत्री संजय सोनी, जिला कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष संजीव जायसवाल व सुरेश चंद केसरवानी के साथ व्यापारी परिवार की मातृ शक्तियों में मुख्य रूप से उमा केसरवानी, सौम्या केसरवानी, रेखा खंडेलवाल, मीनू खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

### एमडीपीजी कालेज में छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास

**अखंड भारत संदेश**



एमडीपीजी कालेज में योगाभ्यास करती छात्राएं।

**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एमडीपीजी कॉलेज में प्राचार्य व शिक्षकों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के संयोजन में दिव्य प्रेम सेवा मिशन की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ श्रद्धा सिंह एवं प्रशिक्षक ज्ञान प्रताप सिंह ने सभी को योग सिखाया। लगभग डेढ़ घंटे तक चले योग प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं ने योग की विभिन्न क्रियाओं व मुद्राओं को सीखा और उनका अभ्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा की योग तन, मन व मस्तिष्क को स्वस्थ एवं निरोगी रखने के लिए अपरिहार्य है। सभी को अनिवार्य रूप से नियमित योग करना चाहिए। महाविद्यालय के लगभग आठ सौ छात्र-छात्राओं ने आज योग किया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक प्रो सुधांशु त्रिपाठी, डॉ सीएन पांडे, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ रेखा मिश्रा, डॉ राजेंद्र मिश्र, डॉ बलराज मिश्र, अरुण प्रताप सिंह, रामकृष्ण तिवारी, अमित सिंह, विजय पांडे आदि ने योग किया।

### गंगातट किनारे पूर्व सांसद ने किया योगाभ्यास

**अखंड भारत संदेश**



गंगा किनारे योगा करतीं पूर्व सांसद रत्ना सिंह।

**परियावां, प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर बुधवार की सुबह कालाकांकर गंगा तट किनारे प्रतापगढ़ पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने योगाभ्यास किया जिनके साथ राजभवन के स्टॉफ के साथ अन्य लोग मौजूद रहे। पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने कहा कि यदि मनुष्य प्रतिदिन सुबह एक घंटे योगा करे तो उसका शरीर स्वथ्य रहेगा और उसे किसी प्रकार की कोई बीमारी नही होगी। इसी क्रम मे कृषि बिज्ञान केंद्र ऐठू मे समस्त कर्मचारियों ने योग दिवस पर योगाभ्यास किया। डिग्री कालेज कालाकांकर व हनुमत इंटर कालेज कालाकांकर मे सभी शिक्षकों व छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास किया ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर मे खण्ड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमारं शुक्ला ने अपने ग्राम पंचायत सचिवों व स्टॉफ के साथ योगाभ्यास किया। नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने थाना परिसर मे अपने स्टॉफ के साथ योगाभ्यास किया।

### हैप्पी टाइम स्कूल में नन्हे-मुन्ने ने किया योगाभ्यास

**अखंड भारत संदेश**



हैप्पी टाइम स्कूल में योगा करते नन्हे-मुन्ने बच्चे

**प्रतापगढ़।** शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम प्ले वे स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों ने प्राणायाम, बटरफलाई जैसे योगा किये। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि भारत के योगा को पूरी दुनिया ने अपनाया है। हम सभी स्वस्थ और निरोगी रहें, यही सब चाहते हैं, इसके लिये योगा जरुरी है। उन्होंने कहा कि स्कूल में अब हर शनिवार को योगा होगा। इस अवसर पर कंचन मिश्रा, प्रियांषी पाण्डेय, उमेष श्रीवास्तव, सीमा पटेल, सृष्टि, रौनक, सुलेखा, ममता आदि ने योगा में सहभागिता की।

### योगाभ्यास के साथ बताया गया योग का महत्व

**अखंड भारत संदेश**



संस्कार ग्लोबल स्कूल में योगा करते बच्चे।

**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संस्कार ग्लोबल स्कूल टेऊंगा में प्रिंसिपल समीना अख्तर ने शुभारंभ कर योग के महत्व को समझाया। शारीरिक शिक्षक अर्जुन तिवारी व वर्षा ओझा ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को योगासन कराया। रामकृष्ण मिशन के मेडिटेशन विशेषज्ञ राकेश तिवारी व पंकज मिश्र ने योग के महत्व को बताया। छात्र -छात्राओं ने घर पर योग से जुड़ी पेंटिंग और योग कर फोटो साझा किया। संध्या शुक्ला,स्वाति मिश्रा, राखी सिंह, अंकिता तिवारी दया पुष्पजीवी, अविनाश सिह प्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। अंजना पालीटेक्निक सकरौली मादूपुर में प्रधानाचार्य रंजन सिंह के नेतृत्व में दीपक पटेल ने शिक्षकों, कर्मचारियों को योगासन कराया। बद्री नारायण सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय सकरौली मादूपुर में फौजदार सिंह के संयोजन में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। धनंजय सिंह, शिखा श्रीवास्तव, उदय सिंह, अनामिका मिश्रा, निम्मो श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रमोद व मोना ने दिया जागरूकता का संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नौवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी व यूपी काँग्रेंस विधान मंण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने लोगों के निरोग, स्वस्थ व समृद्विशाली भविष्य की कामना की है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि योग हमें रचनात्मकजीवन दर्शन का बोध कराता है। उन्होने कहा कि स्वस्थ मन ही लोक कल्याण व लोक विकास के लक्ष्य को आगे बढ़ा सकता है। वहीं काँग्रेंस विधान मंण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि सतत विकास के मार्ग पर बढ़ते रहने के लिए स्वस्थ जीवन अपरिहार्य है। विधायक मोना ने योग को भारत की प्राचीनतम विरासत बताया है।

### तिरंगे के अपमान पर दुकानदार पहुंचा हवालात में

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने सब्जी व्यापारी को तिरंगे के अपमान की शिकायत पर हिरासत में लिया है। पुलिस आरोपी का शांति भंग में चालान करने की तैयारी कर रही है। कस्बे के चिक पट्टी मोहल्ला निवासी कल्लू सब्जी व्यापारी है। मंगलवार को दिन में जब वह सड़क की पटरी पर सब्जी लगाने के लिए गए तो वहां एक पोस्टर गिरा हुआ था। पोस्टर काफी पुराना था अनपढ़ होने के कारण उसने पोस्टर को साफ सुथरा करके उस पर आलू रखकर उसकी बिक्री शुरू कर दी। पोस्टर में तिरंगा भी छपा हुआ था। सब्जी ले रहे किसी युवक ने उसकी फोटो खींचकर उसे पुलिस अधीक्षक को भेज दिया। तिरंगे के अपमान की जानकारी पर कोतवाली पुलिस एसपी के निर्देश पर सब्जी व्यापारी को कोतवाली ले आई और उसका शांति भंग में चालान करने की तैयारी कर रही है। कोतवाल नंदलाल सिंह ने बताया कि सब्जी व्यापारी अनपढ़ है और उसने अनजाने में यह अपराध किया है। फिर भी उसे हिरासत में लिया गया है।

### सांसद विनोद सोनकर ने जताई संवेदना

**कुंडा, प्रतापगढ़।** बाबागंज विधानसभा के धनगढ़ निवासी भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी के पिता त्रियुगी नारायण द्विवेदी का मंगलवार की देर रात्रि साढ़े नौ बजे निधन हो गया। वह एक वर्ष से बीमार चल रहे थे। बुधवार को मानिकपुर स्थित राजघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने अपरान्ह डेढ़ बजे राजघाट पर पहुंच कर स्व0 त्रियुगी नारायण द्विवेदी को नमन किया। अखिलेश द्विवेदी के साथ परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना जताई। इस दौरान पूर्व प्रत्याशी शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, योगेंद्र नाथ मिश्रा मौला, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, चेयरमैन मानिकपुर प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू, चेयरमैन हीरागंज प्रतिनिधि उदय शंकर पाण्डेय, रावेंद्र पांडेय गुड्डू, सौरभ उपाध्याय, अमर जीत सिंह, विमल पाण्डेय, पवन ओझा, सूरज शुक्ल, रजत ओझा, अतुल मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

### पूर्व प्रधान पति के आकस्मिक निधन से शोक

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालाकांकर की ग्राम पंचायत परियावां के पूर्व ग्राम प्रधान पति मो0 मुस्तकीम अहमद का बुधवार की दोपहर उपचार के लिए ले जाते समय आकस्मिक निधन हो गया जो अपने पीछे अपनी पत्नी व चार बेटे व तीन बेटी हरा भरा परिवार छोड गये। पूर्व प्रधान पति के निधन की खबर मिलते ही शुभ चिन्तिको मे शोक की लहर दौड़ गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया शव के घर पहुंचते ही भारी संख्या मे लोगो की भीड़ जमा हो गई जिनका मुस्लिम रीति रिवाज गुरुवार की सुबह 9 बजे परियावां कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा।

## बर्थ पर कब्जा ट्रेन में हंगामा, आरपीएफ ने खाली कराया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुरी जा रही नीलांचल एक्सप्रेस में कुछ सरहंगो ने दर्शन को जा रहे एक शासकीय अधिवक्ता के परिवार की पांच बर्थ पर कब्जा कर लिया था। अनुनय विनय के बाद भी वे लोग सीट छोड़ने को तैयार नहीं थे। जिसको लेकर विवाद और हंगामा शुरू हो गया। अधिवक्ता को आरपीएफ की मदद लेनी पड़ी। आरपीएफ ने बर्थ को खाली कराया तब जाकर मामला शांत हुआ।

बाराबंकी के शासकीय अधिवक्ता वरुण मिश्रा और उनके साथी अधिवक्ता पुष्पेंद्र यादव सपरिवार नीलांचल एक्सप्रेस ट्रेन से जगन्नाथ पुरी दर्शन करने जा रहे थे। इन्होंने कोच एसफोर में आरक्षण कराया था। बताया जाता है कि लखनऊ से चलने के बाद जब अपनी सीट पर पहुंचे तो पता चला कि इनकी पचास सीट में से पांच पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। उठ नहीं रहे हैं। विवाद कर रहे है। अधिवक्ता ने रेलवे टोल फ्री नंबर पर फोन किया लेकिन बात नहीं बनी। इस चक्कर में ट्रेन गौरीगंज क्रास कर गई। तब वरुण मिश्रा ने आरपीएफ को इसकी सूचना दी। ट्रेन के अमेठी में पहुंचने पर प्रभारी सीपी शुक्ला ने बर्थ को खाली कराया। बताया कि अधिवक्ता ने इसकी शिकायत की थी। खास बात यह है कि ये लोग टीटीई को खोजते रहे लेकिन वह मिला नहीं। लखनऊ से प्रतापगढ़ के बीच टीटीई कोच नंबर चार में नजर नहीं आया। आया होता तो विवाद पहले ही खतम हो जाता। परिवार को दिक्कत न होती।

### नीलांचल एक्सप्रेस से पुरी जा रहे अधिवक्ता परिवार से विवाद

## शिक्षण संस्थाओं में रही योगा की धूम

**अखंड भारत संदेश**



पीबीपीजी कालेज में योगा करते शिक्षकगण।

प्रतापगढ़। पीबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के सभागार में बीएड विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में योग प्रशिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नैक के कोआर्डिनेटर प्रो0 ब्रहमानंद प्रताप सिंह ने कहा कि योग के द्वारा हम मानसिक, शारीरिक तथा आध्यात्मिक रुप से ऊजार्वान बन सकते हैं।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीएड विभाग के अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज भारत देश योग के माध्यम से पूरे विश्व में एकात्मक का संदेश देते हुए वसुदैव कुटुम्बकम की संकल्पना साकार कर रहा है। इस अवसर पर योगाचार्य राजकुमार गुप्ता, योग प्रशिक्षक अनीता गुप्ता, पुष्पराज मिश्रा, डा0 प्रणव ओझा, अजीत प्रताप सिंह, बालेन्दु भूषण सिंह आदि उपस्थित रहे।

## डेयरी संचालकों की मनमानी पर अधिवक्ताओं ने जतायी नाराजगी, सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुग्ध का व्यवसाईयों द्वारा पशु पालकों का शोषण करने को लेकर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने साथियों के साथ जनहित में आक्रोश जताया है। अध्यक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन देकर इस पर अंकुश लगाने की मांग उठाई है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने एसडीएम उदयभान सिंह को दिये गये ज्ञापन के जरिए कहा है कि इलाके में डेयरी संचालको द्वारा गांव गांव अपनी फ्रेंचाइजी खोली गयी है। इसके माध्यम से डेयरी संचालक पशु पालकों से कम मूल्य पर घटतौली करते हुए दूध प्राप्त कर रहें हैं और उसे दोगुने दाम पर बेंचकर खासा मुनाफा कमा रहे हैं। यहीं नही डेयरी संचालक पशु पालकों को उनके द्वारा विक्रय किये गये दूध के मूल्य का भुगतान भी समय से नही किया जाता है। इससे उनका शोषण हो रहा है। डेयरी संचालको द्वारा घटतौली, कम मूल्य पर दूध की खरीद करने तथा समय पर उसका भुगतान न देने से पशु पालकों में आक्रोश भी है। संघ के अध्यक्ष ने जनहित में डेयरी संचालको द्वारा पशु पालकों के किये जा रहे शोषण पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग उठाई है। अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने समस्या का समाधान न होने पर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर महामंत्री धीरेन्द्र कुमार शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी, उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह, सह मंत्री अश्विनी कुमार पाण्डेय, विपिन शुक्ल, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### मारपीट व धमकी को लेकर चार के खिलाफ केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट व धमकी की घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के गौसपुर सलेम भदारी गांव के लालजी वर्मा पुत्र कन्धई लाल वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बीस जून को सुबह आठ बजे रंजिश को लेकर गांव के बृजेश कुमार व मिथलेश कुमार पुत्रगण जसराम तथा जसराम की पुत्री निशा व उषा ने लाठी डंडे से उसे तथा उसके पुत्र को मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपियो ने जान से मारने की धमकी दी। मामले मे तहरीर के आधार पर बृजेश समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पुरानी रंजिश में महिला को पीटा, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियो ने महिला को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। मामले मे पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मनीपुर मनुहार गांव की चंद्रवती पत्नी स्व. रामगरीब ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सत्रह जून को शाम पौने पांच बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के स्व. विजय की पत्नी सावित्री देवी ने अपनी पुत्रियों शिवानी व सीमा के साथ मिलकर उसे लात घूंसा व लाठी डंडा से जमकर मारापीटा। पीडिता के शोर मचाने पर आरोपीगण गाली व जान से मारने की धमकी देते चले गये। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## चोरी का माल खरीदना सुनार को पड़ा भारी, गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर के अंदर से चोरी हुए हार के मामले में पुलिस ने आरोपी को हार के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

मामला पट्टी कोतवाली क्षेत्र के होशियारपुर गांव से संबंधित है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के होशियारपुर गांव की रहने वाली रंजू मिश्रा पत्नी निशा कांत मिश्रा ने लिखित शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया था कि वह अपने मायके गई हुई थी ।वहां से 29 मई 2023 को वह वापस अपने घर आई तो अलमारी में रखा सोने का हार गायब देखकर वह दंग रह गई। मामले में नामजद तहरीर देकर बताया कि बताया था कि गांव के ही रहने वाली के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई थी पुलिस जांच पड़ताल के बाद मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच के दौरान प्रयागराज के रहने वाले रवि सोनकर पुत्र विश्वनाथ सोनकर पूछताछ के दौरान पुलिस ने हार को बरामद कर लिए। रवि सोनकर ने बताया कि दो युवतियां आई हुई थी और घर में किसी का तबीयत का बहाना बताकर हार मेरे दुकान पर भेज दिया जिसमें मैंने आधा दाम उसको दिया। फिलहाल मामले में पुलिस ने गिरफ्तार सोनकर को न्यायालय भेज दिया। मुख्य आरोपी युवती की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

## मारपीट व छेडछाड की घटना को लेकर पीड़िता ने एसपी से लगायी गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के अठेहा गांव की पीड़िता ने एसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय एवं सुरक्षा की गुहार लगायी है। उदयपुर के अठेहा गांव की निर्मला देवी पत्नी विजय वर्मा ने एसपी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीती सत्रह जून को रात साढे दस बजे उसके जेठ चंदन वर्मा, सास कली देवी, भतीजे रंजीत व मंजीत, जेठानी यशोदा ने घर मे घुसकर उसे तथा उसके बीमार पति को मारापीटा। आरोपितों ने पीडिता का मंगलसूत्र भी छीन लिया तथा उसके साथ अभद्रता की। बचाव में पीडिता के बच्चे व अन्य लोग दौडे तो आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पीडिता का यह भी आरोप है कि मामले में तहरीर पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर चुप्पी साध ली। जबकि आरोपीगण बराबर जान से मारने तथा जमीन हडपने की धमकी दे रहे हैं। पीडिता ने एसपी से न्याय व सुरक्षा की फरियाद की है।

### क्षेत्रीय विधायक ने परिवारजनों को दी सांत्वना बंधया ढांढस

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र निवासी सुरेश कुमार शिक्षक की पत्नी शकुंतला देवी वर्मा का निधन 6 जून को लंबी बीमारी के बाद वाराणसी के निजी अस्पताल में निधन हो गया था। बुधवार को शिक्षक के आवास पर पट्टी विधानसभा के सपा विधायक राम सिंह पटेल ने घर पहुंचकर परिवारजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद करने की बात कही। क्षेत्रीय विधायक के साथ प्रमोद कुमार पटेल, सोमनाथ यादव, दिनेश कुमार वर्मा, प्रधान कमला प्रसाद वर्मा, भोला नाथ वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## आसपुर देवसरा पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा पुलिस मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक करते हुए महिला कांस्टेबल शोभा यादव ने बताया किसी भी परिस्थितियों में 1090 पर डायल कर पुलिस सहायता लेने की सलाह दी आसपुर देवसरा पुलिस ने थाना क्षेत्र में पूरे दलपत शाह गांव में महिला शक्ति के तहत कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया महिला कांस्टेबल गायत्री ने महिलाओं को बताया कि किसी विषम परिस्थिति में 1090 पर कॉल कर पुलिस की सहायता ली जा सकती है मोबाइल पर फोन करके पैसा मांगने वालों से सावधान रहें प्रधानमंत्री रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना पेंशन के संदर्भ में किसी भी व्यक्ति को ओ. टी.पी न बताएं फोन करके पैसा मांगने पर ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय पुलिस को सूचित करें इस कार्यक्रम में आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संजय पांडे,एसआई प्रशांत उपाध्याय, कांस्टेबल पवन नायक, राज कुमार, सुनील कुमार, महिला कांस्टेबल शोभा यादव, गायत्री देवी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पुरे दलपत शाह कमला प्रसाद वर्मा, प्रमिला देवी, कंचन वर्मा, रीना शर्मा, वंदना वर्मा, मंजू गुप्ता, गायत्री वर्मा, सुमन ,गौतम, संगीता वर्मा, राजवंत वर्मा, आशा देवी, ज्योति देवी, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## संपादकीय

# मणिपुर पर मौन

**मणिपुर** हाई कोर्ट ने सोमवार 19 जून को 27 मार्च को दिए अपने विवादित आदेश में संशोधन के लिए दायर पुनर्विचार याचिका को स्वीकार कर लिया है। इस आदेश में मणिपुर हाई कोर्ट ने सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने के लिए कहा था। 27 मार्च को आए इस फैसले के बाद से राज्य में अशांति का माहौल बनना शुरू हुआ। 3 मई से हिंसा भड़कने लगी और अब हालात ऐसे हैं कि अलग-अलग इलाकों में भड़की हिंसा में सौ से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। 60 हजार से अधिक लोग घर छोड़कर जाने को मजबूर हो गए। कई मासूम लोग कानूनी शिकंजे में फंस गए। हाईकोर्ट के आदेश पर दायर पुनर्विचार याचिका पर अब पांच जुलाई को अगली सुनवाई होगी। अदालत ने राज्य और केंद्र सरकार को पांच जुलाई से पहले जवाब दाखिल करने के लिए भी कहा है। दोनों जगहों पर भाजपा की सरकार है और वो क्या जवाब दाखिल करती है, और क्या उस जवाब से राज्य के हालात संभालने में कोई मदद मिलती है, ये देखना होगा। अभी ये देखना दुखद है कि भारत का एक राज्य 50 दिनों से अधिक वक्त से लगातार अस्थिरता, तनाव और हिंसा में जी रहा है, लेकिन सत्तारुढ़ दल अब भी अपने 9 साल पूरा होने का जश्न या प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा को भुनाने में लगी है। क्या घर के एक हिस्से में आग लगी हो, तो बाकी हिस्सों में चैन से बैठा जा सकता है। खेद यह है कि भारत में इस वक्त ऐसे ही चैन का आलम देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका जाने से पहले अपने मन की बात के 102वें एपिसोड को जारी किया। पिछले 9 सालों का सिलसिला किसी भी कारण से टूटना नहीं चाहिए, इसलिए अमेरिका यात्रा से पहले मोदीजी ने मन की बात कर ली। जब कोरोना, गलवान, पुलवामा किसी वजह से मन की बात नहीं रुकी, तो फिर मणिपुर पर भी क्यों रुकती। श्री मोदी ने न केवल मन की बात की, बल्कि उसमें कांग्रेस को कोसने का क्रम भी नहीं टूटने दिया। जून का महीना वैसे भी आपातकाल का विलाप करने का बना दिया गया है। लिहाजा मोदीजी ने भी मन की बात में आपातकाल की याद कर ली। लेकिन मणिपुर उन्हें तब भी याद नहीं आया, जो आपातकाल, द्रोहकाल, हिंसाकाल सब एक साथ सहन कर रहा है। इस बार मणिपुर की आम जनता ने जिस तरह मन की बात का विरोध किया, उसे देखकर समझा जा सकता है कि वहां त्रासदी कितनी अधिक बढ़ चुकी है। लोगों ने मणिपुर में कई जगह रेडियो तोड़कर मन की बात का विरोध किया। सड़क किनारे एक कतार में खड़े होकर पोस्टर लहराए, जिन पर लिखा था 'मैं मन की बात का विरोध करता हूं'; 'नो टू मन की बात, यस टू मणिपुर की बात' और 'मिस्टर पीएम मोदी, नो मोर ड्रामा एट मन की बात'। श्री मोदी के प्रचार से वक्त निकाल कर भाजपा को थोड़ा ध्यान इन प्रदर्शनों पर भी देना चाहिए, जो आम जनता की पीड़ा को दिखा रहे हैं। कांग्रेस ने तो पहले ही इस बारे में सवाल उठाए कि मोदीजी मन की बात करते हैं, मणिपुर की बात क्यों नहीं करते। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक ट्वीट में कहा था, 'नरेंद्र मोदी जी, आपके 'मन की बात' में पहले 'मणिपुर की बात' शामिल होनी चाहिए थी, लेकिन व्यर्थ। सीमावर्ती राज्य में स्थिति अनिश्चित और बेहद परेशान करने वाली है। आपने एक शब्द नहीं बोला। आपने एक भी बैठक की अध्यक्षता नहीं की है। आप अभी तक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से नहीं मिले हैं। ऐसा लगता है कि आपकी सरकार मणिपुर को भारत का हिस्सा नहीं मानती है। यह अस्वीकार्य है।' अब कांग्रेस ने मोदीजी की अमेरिका रवाना होने वाली तस्वीर के साथ सुलगते मणिपुर की एक तस्वीर को जोड़कर तंज किया है कि मणिपुर जल रहा है...मैं चला अमेरिका। इस पोस्टर के ट्वीट में कांग्रेस ने लिखा है- जिम्मेदारी से भागने का मेरा पुराना नाता, प्रचार के अलावा मुझे कुछ नहीं आता। इसके साथ ही कांग्रेस ने मोदीजी को अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा राजधर्म निभाने की नसीहत भी याद दिलाई है। कांग्रेस के इस हमले के जवाब में भाजपा के भी जवाबी ट्वीट आ ही जाएंगे। राहुल गांधी मंगलवार को विदेश यात्रा से लौट रहे हैं, तो उन पर भाजपा के हमले शुरू हो ही चुके हैं। अमित मालवीय ने एक ट्वीट किया है कि राहुल गांधी विदेश में इतना समय क्यों बिताते हैं, खासकर उनकी यात्राओं का एक बड़ा हिस्सा रहस्य में डूबा हुआ है?' उन्होंने कहा कि 'विदेशी एजेंसियों और भारत के विरोधी समूहों के साथ उनकी गुप्त बैठकों की कई रिपोर्टें इन यात्राओं के उद्देश्य पर और सवाल उठाती हैं'। राहुल गांधी इस देश के एक सामान्य नेता हैं, वे किसी पद पर नहीं हैं, उन पर कोई जिम्मेदारी नहीं है, जिसका हिसाब उन्हें देना पड़े। वे अपने खर्च पर जहां चाहे, जैसे चाहे घूम-फिर सकते हैं। फिर भी भाजपा उनकी विदेश यात्रा पर सवाल उठाकर राजनैतिक हिसाब-किताब पूरा करने में लगी है। जबकि अभी भाजपा को जवाब देना चाहिए कि क्यों प्रधानमंत्री मणिपुर को इस तरह अनदेखा कर रहे हैं। यह कितने दुख की बात है कि इस जगह एक महीने में कम से कम तीसरी बार मणिपुर के मसले पर लिखना पड़ रहा है और अब तक यह साफ नहीं हो रहा कि इस पूर्वोत्तर राज्य में शांति किस विधि से लाई जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने की पहली जिम्मेदारी राज्य सरकार की है, जो पूरी तरह विफल हो चुकी है। उसके बाद केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन उसके मुखिया इस मुद्दे पर कुछ बोल ही नहीं रहे हैं। ऐसे में आम जनता किससे उम्मीद बांधे और किस तरह सामान्य जीवन जिए। प्रधानमंत्री अमेरिका में राजकीय अतिथि रहेंगे, कई दिग्गज राजनेताओं, कारोबारियों, बुद्धिजीवियों से मुलाकात करेंगे। उनके दौरे पर दुनिया भर की नजरें रहेंगी और सब ये भी देखेंगे कि जब प्रधानमंत्री विदेश यात्रा पर जा रहे थे, तो अपने देश के हालात को किस तरह उन्होंने अनदेखा किया। क्या इसका अच्छा असर दुनिया पर पड़ेगा, ये भाजपा को सोचना होगा। क्योंकि हर जगह खबर प्रबंधन नहीं किया जा सकता।

# राजनीति ठीक है पर ऐसा पक्षपात न हो


**अरविन्द मोहन**



**डबल** इंजन का जुमला तो इसी भाजपा और मोदी-शाह की जोड़ी का आविष्कार है (वैसे सुपरफास्ट गाड़ियों में डबल इंजन लालू राज में लगा)। और यह जुमला आज हर विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल होता है-उन राज्यों में भी जहां भाजपा की सरकारें मोदी राज की पूरी अवधि में रही हैं। जाहिर है जहां भाजपा या एनडीए का शासन नहीं है उनको केंद्र की तरफ से गैर बराबरी और भेदभाव का व्यवहार मिलने की धमकी भी दी जाती है।

इतिहास की कहानियों को दोहराने का बहुत मतलब नहीं है क्योंकि नई स्थितियां नए रेस्पान्स की मांग करती हैं। जब पंडित नेहरू द्वारा चुनाव प्रचार में सरकारी विमान के इस्तेमाल का मुद्दा उठा करता था तब किसी ने यह थोड़े ही सोचा था कि हमारे एक प्रधानमंत्री की उनके घर में ही हत्या हो जाएगी और एक अन्य पूर्व प्रधानमंत्री की चुनाव प्रचार के दौरान हत्या कर दी जाएगी। वैसे इंदिरा गांधी के समय से ही सेना के विमान का इस्तेमाल और पार्टी द्वारा उसका भाड़ा देने का चलन शुरू हुआ था। आज की स्थिति उससे काफी आगे है और कहना न होगा कि आज खतरा और ज्यादा माना जाता है। लेकिन चुनाव में प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों की सुरक्षा या केन्द्रीय मंत्रियों द्वारा किसी और बहाने सरकारी विमानों की सेवा लेने वाला मसला भर नहीं है। आज तो चुनावी वायदे, लोक लुभावन कार्यक्रम, कथित विकास योजनाओं की पक्षपाती सौगात और अब सबसे बढ़ाकर लाभार्थी जमात पर सरकारी धन लुटाने समेत काफी सारे ऐसे मामले सामने आते जा रहे हैं जो पहले के चुनाव और नेताओं को खुद ब खुद बहुत पाक साफ बताते हैं। स्थिति ऐसी हो गई है कि प्रधानमंत्री समेत सभी प्रमुख नेता इस खर्च का रोना रोते भी हैं और होड़ को आगे भी बढ़ाते जा रहे हैं। डबल इंजन का जुमला तो इसी भाजपा और मोदी-शाह की जोड़ी का आविष्कार है (वैसे सुपरफास्ट गाड़ियों में डबल इंजन लालू राज में लगा)। और यह जुमला आज हर विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल होता है-उन राज्यों में भी जहां भाजपा की सरकारें मोदी राज की पूरी अवधि में रही हैं। जाहिर है जहां भाजपा या एनडीए का शासन नहीं है उनको केंद्र की तरफ से गैर बराबरी और भेदभाव का व्यवहार मिलने की धमकी भी दी जाती है और इधर तो डबल इंजन के बाद ट्रिपल इंजन का नाम भी लिया जाने लगा है। इस बात पर मोदी जी की तरफ से भी किसी तरह की नाराजगी की खबर नहीं है कि स्थानीय निकाय या पंचायत चुनाव में उनका नाम और उनकी सरकार के इकबाल को क्यों दांव पर लगाया जा रहा है न नाम इस्तेमाल करने वालों को इस बात का कोई लिहाज है। कई राज्यों की यह शिकायत भी रही है कि केंद्र उनके साथ सौतेला व्यवहार करता है। आंकड़े और सबूत भी पेश किए जाते हैं। पर यह याद करना अप्रासंगिक नहीं है कि यह शिकायत डबल इंजन का जुमला प्रचलित होने के पहले से है और इस पक्षपात को दूर करने के लिए सरकारिया आयोग समेत अनेक आयोग भी बन चुके हैं। पहले ज्यादा शिकायत केंद्र द्वारा राजनैतिक धौंस दिखाने और अनुचित दखल देने के ही होते थे, संसाधनों के बंटवारे में भेदभाव के कम। भाई अरविन्द केजरीवाल से पूछेंगे तो वे शिकायतों का अंबार लगा देंगे-राजनैतिक, प्रशासनिक दखल के साथ आर्थिक भेदभाव के भी। यह अलग बात है कि राजस्व के मामले में अव्वल दिल्ली में केजरीवाल सरकार को अपनी योजनाओं पर अमल के लिए कभी धन की कमी नहीं हुई। उलटे उन पर ही शराब की नदियां बहाकर धन जुटाने और अपने प्रचार पर बेइंतहा धन खर्च करने के आरोप रहे हैं। केजरीवाल हों या ममता बनर्जी, सिद्धारमैया हों या चंद्रशेखर राव अधिकांश विपक्षी दलों वाली राज्य सरकारों के मुखिया केजरीवाल को सही बताएंगे। और अभी तो पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य चुनाव आयोग(जो कई बार केंद्र के एजेंट की तरह भी व्यवहार करता रहा है) एक दिलचस्प कानूनी लड़ाई में उलझे हैं-पंचायत चुनाव में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के सवाल पर। इस मामले में हाई कोर्ट ने आयोग को सुरक्षा बल तैनात करने की अनुमति दे दी है। राज्य सरकार इस सवाल को सुप्रीम कोर्ट ले गई है। पश्चिम बंगाल में चुनाव का हिंसक इतिहास रहा है लेकिन पंचायत चुनाव में केन्द्रीय बल की तैनाती का मतलब तो ककड़ी के चोर को तोप से उड़ाना है। ऐसे 'अपराध' के लिए तो कनैठी ही काफी होती है। बंगाल इससे भी ज्यादा साफ पक्षधरता को झेल रहा है। केंद्र ने हाल में उसके मिड-डे मिल के बजट में से 180 करोड़ रुपए काट लिए हैं। ऐसे स्कूलों में दोपहर का भोजन करने और बताए जाने वाली संख्या के अंतर के चलते किया गया है जिसकी शिकायत विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी ने की थी। एक तो बच्चों के दाखिले और उपस्थिति की संख्या में, उनके ड्राप आउट होने के कारण और करोड़ों भोजन बनाने-खिलाने के हिसाब की गिनती में फर्क आना स्वाभाविक है। दूसरे इस भोजन का हिसाब तो महत्व का है पर बच्चों का दाखिला बढ़ाना और उनके ड्राप-आउट होने की संख्या कम होना ज्यादा महत्व का है। किसी एक तिमाही की रिपोर्ट में संख्या कम दिखने पर केंद्र ने दन से पैसे काट ले यह तो कुछ ज्यादा ही सख्त सजा है और यह स्वस्थ केंद्र-राज्य संबंध का आधार नहीं बन सकता। दाखिला बढ़े, बच्चे पढ़ाई न छोड़ें, नियमित स्कूल आएं और दोपहर का भोजन करते रहें, इन सब पर ध्यान दिया जाना चाहिए। एक और तथ्य है जो इस केंद्र सरकार के फैसले पर सवाल खड़े करता है। दो दिन पहले उसने यह साफ किया कि वह अनाज बाजार में कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए दखल देगी अर्थात अपने भंडार से खुले बाजार में अनाज उतारेगी लेकिन इस अनाज की खरीद में राज्य सरकारें हिस्सा नहीं ले सकतीं। यह सिर्फ उन चालीस-पचास करोड़ उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है जो केंद्र की मुफ्त राशन योजना के लाभ से बाहर हैं। मुफ्त राशन योजना के दायरे में अस्सी करोड़ लोग आते है(जबकि सरकार का दावा गरीबों की संख्या बीस करोड़ से भी नीचे हो जाने का है)। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में कांग्रेस ने हर व्यक्ति को प्रतिमाह दस-दस किलो मुफ्त चावल देने का वायदा किया था और इसके बारे में नई सरकार ने फैसला भी कर लिया है। बल्कि उसने 13,879 टन चावल खरीदने की प्रक्रिया भी शुरू की। ठीक उसी समय केंद्र का यह फैसला आया है। और हर आदमी मान्यता है कि चार राज्यों के चुनाव के मद्देनजर सरकार खाद्यान्न की कीमतें बढ़ाने देने का जोखिम मोल नहीं ले सकती जबकि बाजार में निर्यात पर पाबंदी और की तरह के स्टाक लिमिट के बावजूद चावल ही नहीं गेहूं की कीमतें भी बढ़ती जा रही है। केंद्र अपनी जिम्मेदारी निभाए लेकिन खुले बाजार की बिक्री में भी किसी खास जमात पर रोक की भावना का समर्थन नहीं किया जा सकता।

# रामायण और आदिपुरुष






बोया पेड़ बबूल का, आम कहां से होए। फिल्म आदिपुरुष देखकर हिंदुत्व की माला जपने वालों की आज जो हालत हो रही है, उसे देखकर यही मुहावरा याद आता है।

गौरतलब है कि देश में इस वक्त आदिपुरुष फिल्म को लेकर विवाद चल रहा है। रामायण पर आधारित इस फिल्म में जिस तरह इस महाकाव्य के प्रमुख किरदारों, भगवान राम, उनके अनन्य भक्त हनुमान और लंका के राजा रावण का चित्रण किया गया है, उससे दर्शक हैरान-परेशान हैं कि आखिर धर्म और सनातनी संस्कृति के नाम पर ये किस किस्म का प्रयोग किया गया है। जब से फिल्म रिलीज हुई है, सोशल मीडिया पर इसके नाम से हैशटैग चल रहे हैं, लोग नाराजगी भरी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। इनमें कई ऐसे भी हैं, जिन्होंने हिंदुत्व का झंडा उठा कर रखा हुआ है। साध्वी प्राची ने तो एक ट्वीट में इस फिल्म के संवाद लेखक मनोज मुंतशिर से माफी की मांग की है, वहीं एक अन्य ट्वीट में उन्होंने लिखा है- यदि गलती से भावावेश में आदिपुरूष मूवी देख ली है तो मन के शुद्धिकरण के लिए रामानंद सागर जी की रामायण के एक-दो एपिसोड देख लें...! शुद्धिकरण के आह्वान के साथ रामानंद सागर कृत रामायण को देखने की बात बहुत से लोग ट्विटर पर कर रहे हैं। इनमें से अधिकतर लोगों ने देश के हिंदू राष्ट्र बनने का सपना देख रखा था। नरेन्द्र मोदी के अवतार में उन्हें हिंदुत्व का रक्षक दिखाई देता था। 2014 से ही हिंदुओं के जागने का शोर देश में सुनाई देना लगा है। अब ऐसे ही जागे हुए हिंदू हैरान-परेशान हो रहे हैं कि जब हम कथित तौर पर सोए हुए थे, तब हमारा धर्म, हमारी सनातनी परंपरा ज्यादा सुरक्षित थी, या अब इसकी रक्षा हो रही है। लेकिन अगर अभी रक्षा हो रही है, तो फिर पर्दे पर जो राम, रावण, हनुमान नजर आ रहे हैं, उनसे किसी तरह का जुड़ाव महसूस क्यों नहीं हो रहा। क्यों सदियों से भारत की आस्था में रचे-बसे ये किरदार एक फिल्म में इतने अजनबी नजर आ रहे हैं। ये कौन सी भाषा है, जो वो हनुमान जी बोल रहे हैं, जिनके लिए हनुमान चालीसा में विद्यावान गुणी अति चतुर कहा गया है। क्या विद्यावान लोग, जलेगी तेरे बाप की, जैसे शब्द अपने मुखारविंद से निकालते हैं। रामायण में तो रावण को तमाम दुगुर्णों से भरा होने के बावजूद शास्त्रों का ज्ञाता और उच्चकोटि का विद्वान बताया गया है। लेकिन आदिपुरुष में रावण और गली के गुंडे में ज्यादा फर्क नहीं दिख रहा है। सवालों के ये तमाम कांटे अब हिंदुत्व के कथित रक्षकों को चुभ रहे हैं। लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि ये कांटे जिस पेड़ पर उगे हैं, उसके बीज उन्हीं लोगों के समर्थन से बोए गए हैं। याद कीजिए कि किस तरह देश में राम मंदिर बनाने की मुहिम के साथ ही जय सियाराम के अभिवादन को जय श्रीराम के नारे के उद्घोष में दबा दिया गया। पिछले कुछ सालों से हनुमानजी की क्रोधित तस्वीर हर गली-नुक्कड़ की दीवारों, कारों के शीशों और दुकानों पर लगी नजर आने लगी। रामजी की सौम्यता, प्रत्यंचा ताने क्रोधित मुखमुद्रा वाले राम में बदल गई। यह सब अचानक नहीं हुआ। बड़ी चालाकी से लोगों के मानस में धर्म की संकुचित धारणा थोपने की साजिश के तहत हुआ। धर्म के नाम पर रक्तपात और दूसरे धर्म के लोगों को प्रताड़ित करने को जायज बताने के नाम पर हुआ। समाज को राजनैतिक फायदे के लिए धर्म के एक अघोषित युद्ध में झोंक दिया गया। भावनाओं के सागर पर क्रोध, हिंसा, उग्रता के पत्थरों से सेतु बनाया गया। उस सेतु पर चलकर सत्ता का सुख कुछ लोगों को हासिल हुआ, बाकी जनता नफरत भुगतने के लिए अभिशप्त छोड़ दी गई। किसी अभिवादन में महज शब्दों के बदलाव से पूरी संस्कृति कैसे बदली जा सकती है, यह जय सियाराम से लेकर जय श्रीराम तक के बदलाव में देखा जा सकता है। आदिपुरुष संस्कृति के बदलाव की ताजा मिसाल है।

इस फिल्म के संवादों पर विवाद बढ़ता देख अब फिल्म निमार्ता ने संवाद बदले जाने की सूचना दी है। संवाद लेखक मनोज मुंतशिर ने भी इसकी सूचना दी है, लेकिन यही मनोज मुंतशिर एक दिन पहले तक अपने संवादों का बचाव करते दिख रहे थे। कुछ पिट्ठू पत्रकारों से उनके चैनल पर बातचीत में बता रहे थे कि उनके बचपन में दादी-नानी इसी तरह की भाषा में उन्हें रामायण सुनाती थीं, देश के कथावाचक ऐसी ही भाषा का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन उनका यह तर्क गले से नहीं उतरता, क्योंकि गांवों-शहरों में रामलीला और रामकथा के मंचन से लेकर घरों में बुजुर्गों द्वारा सुनाई जाने वाली पौराणिक कथाओं और टीवी पर दिखाए जाने वाली रामायण तक कहीं ऐसी भाषा सुनने नहीं मिली। एक महान ग्रंथ के फिल्मांकन में जो अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत थी, वह नहीं बरती गई और उस गलती को सही ठहराने की कोशिश की जा रही थी। अगर देश भर में इस पर विवाद खड़ा नहीं होता और खुद हिंदू संगठनों की ओर से विरोध नहीं होता, तो शायद इस गलती को जारी रखने का दुस्साहस किया जाता। यह दुस्साहस सत्ता के आशीर्वाद से मिला है, यह भी जाहिर हो रहा है। अगर फिल्म विवादों में नहीं पड़ती तो शायद कश्मीर फाइल्स, केरला स्टोरी की तरह कई राज्यों में करमुक्त घोषित हो चुकी होती। मगर अभी छाछ फूंक कर पीने का दौर चल रहा है। आदिपुरुष देखकर किसे क्या धारणा बनानी है, यह हरेक दर्शक की अपनी मर्जी है। वैसे इस फिल्म के बहाने रामानंद सागर की बनाई रामायण को खूब याद किया जा रहा है। जब रविवार को टीवी के छोटे पर्दे पर रामायण आती थी, तो उस वक्त सड़कें सुनसान हो जाया करती थीं। लोग पूरी भक्ति से रामायण देखते थे, रोमांचित होते थे। पाठकों को याद दिला दें कि रामायण धारावाहिक की पहली कड़ी में रामायण ग्रंथ का परिचय देते हुए मशहूर अभिनेता अशोक कुमार ने प.जवाहरलाल नेहरू की किताब भारत एक खोज का जिक्र किया था।

जिसमें नेहरूजी ने रामायण पर फ्रांसीसी इतिहासकार मिशलेट के विचार उद्धृत किए हैं, कि-जिसे जीवन की अनुभूतियों की प्यास हो, वो इस महाकाव्य रूपी सागर के जल से अपनी प्यास बुझाए। जो सागर से भी विशाल है। जिसमें सूर्य का प्रकाश है। जिसमें एक निरंतर शांति है, एक अनंत मिठास है। हिंदुस्तानियों को अब सोचना चाहिए कि वह शांति और मिठास अब कहां खो गई है।

# स्टालिन का सराहनीय फैसला

**तमिलनाडु** में सत्तारुढ़ डीएमके ने भाजपा की नेता खुशबू सुंदर और राज्यपाल आर एन रवि पर दिए गए विवादित बयानों के बाद अपने नेता शिवाजी कृष्णमूर्ति को न केवल पार्टी की सदस्यता से बर्खास्त किया, बल्कि अब उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया है। दरअसल इस साल जनवरी में शिवाजी कृष्णमूर्ति ने राज्यपाल आर एन रवि के खिलाफ अपने अपमानजनक बयान देते हुए था कि 'अगर राज्यपाल अपने विधानसभा भाषण में आंबेडकर का नाम लेने से इनकार करते हैं, तो क्या मुझे उन पर हमला करने का अधिकार नहीं है? इस बयान में कृष्णमूर्ति ने उन्हें कश्मीर चले जाने की नसीहत भी दी थी। उन्हें तभी पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। अब कृष्णमूर्ति ने अपने एक भाषण में भाजपा की नेता और राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य खुशबू सुंदर को पुराना ढोल बताया। इस पर डीएमके ने उन्हें पार्टी से निष्कासित ही कर दिया। इस बारे में डीएमके महासचिव दुरईमुरुगन ने घोषणा की कि शिवाजी कृष्णमूर्ति को पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने और इसे बदनाम करने के लिए प्राथमिक सदस्यता सहित पार्टी के सभी पदों से बर्खास्त किया जा रहा है। इससे पहले खुद पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के लिए खुशबू सुंदर ने डीएमके नेतृत्व पर ही सवाल उठा दिए थे। उन्होंने अपने ट्वीट में मुख्यमंत्री स्टालिन से सवाल किया है कि क्या आप अपने परिवार की महिलाओं के बारे में ऐसे बयानों को स्वीकार करेंगे। खुशबू ने स्टालिन को यह भी लिखा कि आपकी पार्टी असभ्य गुंडों के लिए एक सुरक्षित आश्रय बन रही है। यह बहुत शर्म की बात है। बहरहाल भाजपा ने इस मामले की पुलिस में शिकायत की तो अब कृष्णमूर्ति को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। खुशबू सुंदर ने ऐलान किया है कि मेरी लड़ाई रुकने वाली नहीं है और इस तरह के पुरुषों को सबक सिखाने की जरूरत है। उन्होंने ये भी बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है और भाजपा अपनी नेता के साथ खड़ी है। किसी भी महिला के लिए अपमानजनक टिप्पणी एक सभ्य, सुसंस्कृत समाज में हर हाल में अस्वीकार्य है। वह महिला चाहे गृहिणी हो, दफ्तर जाती हो, राजनीति से या किसी भी अन्य क्षेत्र से जुड़ी हो, किसी भी वजह से अगर वैचारिक या किसी अन्य किस्म के मतभेद हों, तब भी उसका अपमान करना गलत है। महिला का सम्मान हर स्थिति में बना रहे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस लिहाज से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने सराहनीय काम किया है कि अपनी पार्टी के नेता को निष्कासित किया और उस पर कानूनी कार्रवाई में कोई अड़चन नहीं डाली। अन्यथा हाल-फिलहाल में ऐसे कई मामले देखे गए हैं, जब महिला उत्पीड़न का आरोपी रसूखदार और सत्तारुढ़ दल से संबद्ध हो, तो किस तरह उसे बचाने के सारे हथकंडे अपनाए जाते हैं। खुशबू सुंदर ने स्टालिन से जो सवाल किया था कि क्या वे अपने परिवार की महिलाओं के लिए ऐसे बयान को स्वीकार करेंगे, तो इसका जवाब उन्होंने बखूबी दे दिया कि परिवार ही नहीं, वे विरोधी दल की नेता के अपमान को भी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। आज की राजनीति में ऐसी मिसाल कहां देखने मिलती है। खुशबू को ऐसे ही सवाल महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न की शिकायत और भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग पर राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य होने और एक महिला होने के नाते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी कर ही लेना चाहिए। अगर वे वाकई महिलाओं का अपमान करने वाले पुरुषों को सबक सिखाने का इरादा रखती हैं, तो फिर ऐसा सवाल उन्हें भाजपा नेताओं से करने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। क्योंकि ऐसा तो नहीं है कि पार्टी के साथ-साथ महिलाओं की इज्जत का पैमाना भी बदल जाता है।

# बोया जंगल बबूल का...

**राहत** इंदौरी का एक मशहूर शेर है - 'लगेगी आग तो आएंगे घर कई जद में, यहां सिर्फ मेरा मकान थोड़ी है।' दूसरे मशहूर शायर नवाज देवबंदी भी कहते हैं कि-'उस के कत्ल पे मैं भी चुप था मेरा नम्बर अब आया, मेरे कत्ल पे आप भी चुप हैं अगला नम्बर आपका है।' यही बात कई दशकों पहले जर्मनी में हिटलर के अत्याचारी शासन के खिलाफ पास्टर मार्टिन निमोलर कह चुके हैं- 'पहले वे समाजवादियों के लिए आए, लेकिन मैं चुप रहा क्योंकि मैं समाजवादी नहीं था। आगे वे इसी तरह कम्युनिस्टों, मजदूर संगठनों और यहूदियों का जिक्र करते हैं और फिर कहते हैं कि 'आखिर में वे मेरे लिए आए लेकिन तब कोई बोलने वाला नहीं बचा था।'कोई ढाई साल पहले हमारे एक सम्पादकीय आलेख की शुरूआत इन्हीं पंक्तियों से हुई थी और अब इन्हें दोहराना पड़ रहा है क्योंकि धर्म, जाति, भाषा और खानपान के नाम बेची गई चरस का नशा अब भी लोगों के दिमाग पर तारी है। बल्कि यह कहना ज्यादा ठीक होगा कि ये नशा लोगों के दिमाग से उतरने नहीं दिया जा रहा है। एक खास मकसद से बनाई जा रही फिल्मों और सोशल मीडिया के जरिये इस नशे की आपूर्ति बेरोकटोक चलती रहती है और कुछ राजनीतिज्ञ नशे को गाढ़ा करने में अपना योगदान देते रहते हैं। नतीजतन किसी समुदाय विशेष के खिलाफ जहर उगलने या दो समुदायों के बीच तनाव के मामले लगातार हमारे सामने आते जा रहे हैं।

लोगों को तो इस बात का अहसास भी नहीं है कि वे किस कदर इस नशे की गिरफ्त में हैं और क्या कर रहे हैं। इसका एक उदाहरण बनारस का काशीनाथ आजाद हिन्दू होटल है, जिसने एक बैनर में लिखा है कि- द केरला स्टोरी फिल्म का टिकट दिखाने पर ग्राहकों को खाने के बिल पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस बात पर बहस हो सकती है कि फिल्म के प्रचार का या उसके बहाने अपना कारोबार बढ़ाने का ये तरीका ठीक है या नहीं, लेकिन बनारस से सांसद चुने गए नरेन्द्र मोदी जब खुद इस फिल्म का जिक्र कर्नाटक के चुनाव में करने से नहीं हिचकिचाए तो होटल मालिक को कौन समझाए कि फिल्म में कितना सच है और कितना झूठ। दूसरी तरफ उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में एक मुस्लिम युवक के एक नाबालिग हिंदू लड़की के साथ पाए जाने को लेकर भारी बवाल खड़ा हो गया है।

## रामनगर ब्लाक में 82 युवाओं का हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला सेवायोजन अधिकारी पीपीसी शर्मा ने बताया कि रामनगर ब्लाक में दो सौ युवाओं में 82 युवाओं का चयन हुआ है।

बुधवार को जिले के शिक्षित बेरोजगारों को सुरक्षा जवान भर्ती में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी को भर्ती अधिकारी के मो नं 7509781949, 8707815095 पर संपर्क करें। जिले के सभी विकासखंडों में सुरक्षा जवान भर्ती हो रही है। 22 जून को मानिकपुर ब्लाक, 23 जून को मऊ ब्लाक, 24 जून को कर्वी ब्लाक में भर्ती होगी। भर्ती के इच्छुक शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, दो फोटो लेकर भर्ती में हिस्सा ले सकते हैं।

## पेंशनर जमा करें जीवन प्रमाण पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी शैलेश कुमार ने कोषागार चित्रकूट से पेंशन ने रहे सभी पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों से कहा है कि उनके बैंक खाते में नियमित पेंशन भुगतान करने को वर्ष में एक बार जीवन प्रमाण पत्र कोषागार/ बैंक/पोस्ट ऑफिस में ऑनलाइन जमा कराया गया हो तो उन पेंशनरों को एक वर्ष के अन्दर जीवन प्रमाण पत्र जमा करायें। माह नवम्बर में जीवन प्रमाण पत्र उन्हीं पेंशनरों को जमा करना होगा, जिन्होंने पिछले वर्ष माह नवम्बर में जमा किया हो। शासनादेश 26 जुलाई 2022 के जीवन प्रमाण पत्र पेश करने को विभिन्न विकल्प निर्धारित हैं। जीवन प्रमाण पोर्टल भारत सरकार के जीवन प्रमाण पोर्टल में आनलाइन जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।

## पेयजल समस्या समधान को करें सम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जल संस्थान के अधिशाषी अभियंता ने जिले के उपभोक्ताओं से कहा है कि जल संस्थान नगरीय एवं ग्रामीण पेयजल योजनाओं में पेयजल की समस्याओं के तत्काल समाधान को क्षेत्रवार मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर समाधान करा सकते हैं।

बुधवार को उन्होंने बताया कि चित्रकूट, कर्वी, सीतापुर व पहाड़ी को सहायक अभियंता रवि कुमार विश्वकर्मा मो नं 8887499432, मानिकपुर सेमरदहा को अवर अभियंता मुलायम सिंह यादव मो नं 8887499437, राजापुर-मऊ व बरगढ़ को अवर अभियंता राहुल कुमार मो नं 8957813705 पर सम्पर्क कर पेयजल समस्या का समाधान करा सकते हैं। पेयजल सम्बन्धित समस्याओं के निदान को अधिशाषी अभियंता जल संस्थान के मो नं 8887499426 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## पुलिस ने तीन के कब्जे से तमंचा व बम किये बरामद, हाईवे में गश्त दौरान पकडे तमंचाबाज

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द की टीम ने तीन लोगों के कब्जे से दो तमंचे व चार कारतूस तथा दो सुतली बम बरामद किये हैं। मोटरबाइक भी पकडी गई है।

बुधवार को थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द पुलिस बल के साथ जीरो प्वाइंट बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे की ओर से पैदल गस्त करते हुए भरतकूप चैराहा आ रहे थे। श्रीमती कल्ला की दुकान के पास सुक्खू महाराज के घर के सामने कर्वी-बांदा रोड़ पर मोटरबाइक अपाचे यूपी-96/4689 पर सवार तीन युवक पुलिस को देखकर तेजी से भागने का प्रयास किया। बदमाश होने के शक पर पुलिस ने घेरकर तीनों को पकड़ लिया। नाम-पता पूंछते हुए तलाशी ली गयी तो बाइक चालक कुलदीप पटेल से तमंचा 315 बोर व दो कारतूस बरामद हुए। बीच में बैठे अंकित पाल से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। पीछे बैठे तीसरे युवक अरमान पटेल से पुराने कपड़े के पीले रंग के झोले से दो देशी बम सुतली से बंधे बरामद किये।

पुलिस ने तीनों पर आर्म्स एक्ट व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। मोटरबाइक को एमबी एक्ट में सीज किया। आरोपियों के नाम-पते कुलदीप पटेल पुत्र रामस्वंयवर निवासी दुबारी थाना पहाड़ी, अंकित पाल पुत्र रामबली निवासी कसहाई रोड़ ज्ञान भारती स्कूल के पास कोतवाली कर्वी व अरमान पटेल पुत्र राममिलन निवासी माराचन्दा मजरा गदाखान थाना बहिलपुरवा बताये गये। आरोपी अंकित पाल का आपराधिक इतिहास है। टीम में दरोगा सुबेदार बिन्द, वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह, दीवान कल्लू खां, सिपाही राकेश, विजय बहादुर, अंकित राजपूत व लवलेश यादव शामिल रहे।

## दो मनचलों ने की लड़कियों के साथ किया छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**बिजनौर। दो स**गी बहने जन सेवा केंद्र से पैसे लेकर अपने घर वापस जा रही थी। रास्ते में दो मनचले युवको ने उनके साथ अश्लील हरकत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। थाना क्षेत्र की निवासी दो सगी बहनों अपनी बाइक से जन सेवा केंद्र से पैसे निकालकर वापस अपने घर वापस जा रही थी । जैसे ही वह रास्ते में पहुंची वहां पर खड़े दो युवकों ने मोटरसाइकिल रोककर उनके ऊपर फब्तियां कसनी व छेड़छाड शुरू कर दी। किशोरी ने अपने घर मोबाईल फोन से काल करने अपनी माता को बताया कि रास्ते मे दो लड़के परेशान कर रहे है ।

इसके बाद यह दोनों लडको ने अश्लील हरकत करने लगे। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए किशोरी के परिजनों ने आशिक पुत्र सुख्खे निवासी कुम्हेडा को मौके से पकड़ लिया जबकि उसका दूसरा मौके से भागने में सफल रहा। युवती के परिजनों ने डायल 112 को फोन कर मौके पर बुलाया तथा पकड़े गए युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## कैंप में बेस्ट कैडेट्स चयन व खेलकूद प्रतियोगिताओं का फाइनल मुकाबला हुआ

**आगरा। 2 यूपी ब**टालियन आगरा का एटीसी 05 कैंप आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज कीठम आगरा पर 13 जून 2023 से 22 जून 2023 तक चल रहा है। आज कैंप के बेस्ट कैडेट्स के चयन के लिए ड्रिल और लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में वालीवाल, रस्साकशी व दौड़ प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले खेले गए।

# जिले में 108 स्थानों पर धूमधाम से मनाया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

### सीआईसी में सांसद, डीएम, भाजपा जिलाध्यक्ष आदि ने किया योग-राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी किया योग

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिले में विश्व योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास के बाद योग दिवस पर 108 स्थानों पर योग किया। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने विश्व योग दिवस मनाने को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये थे। विश्व योग दिवस की शुरूवात सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे व जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने की।

बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में पुलिस लाइन में योग कार्यशाला में जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय क्रीड़ाधिकारी अमृतांशु मिश्र ने सभी को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रखने को विभिन्न योगाभ्यास कराये। योग कार्यशाला में सीओ लाइन श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ प्रज्ञान अनुज मिश्र, सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय, सीओ मऊ राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह समेत मीड़िया प्रभारी सेल विजय सिंह, वाचक एसपी परितोष दीक्षित, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल समेत पुलिस विभाग के लोगों ने हिस्सा लिया।

हर घर योग के तहत चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी परिसर में सांसद आरके सिंह पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, सीडीओ अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, प्रदेश मंत्री/जिला प्रभारी देवेश कोरी, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। सांसद ने नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी का अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री भारत में नहीं है, फिर भी योग दिवस पर लाइव संदेश दिया है। सभी ने सुना है। भारत आगे बढ़कर विश्व गुरु बनने जा रहा है। योग सिखाने वाला भारत बना है।

चित्रकूट इंटर कॉलेज परिसर में योग पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षक नरेंद्र नरायण चंद्रवंशी, मंजू केसरवानी, मीरा श्रीवास्तव ने ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, कटि चालन, घुटना चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन या विश्रामासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकाशन आदि योगासन के विभिन्न योग बताए। सांसद, जिलाधिकारी समेत जनप्रतिनिधियों ने योग प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

योग में गोल्ड मेडल प्राप्त कुमारी अनन्या ने योग कलाओं का प्रदर्शन किया। संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम रामजन्म यादव, सतीश चंद्र, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, बीएसए लव प्रकाश यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सत्येंद्र नाथ, उप निदेशक कृषि राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के गणेश बाग परिसर विनायकपुर में न्यायिक अधिकारियों बार के सम्मानित सदस्य, न्यायालय के कर्मचारियों ने योग दिवस मनाया। प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने कहा कि योग स्वतः में व्यापक शब्द है। योग शरीर, आत्मा एवं चित्त को शुद्ध करने को किया जाता है। अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिला कारागार में निरुद्ध बन्दियों के बीच योग शिविर लगाया। इस मौके पर अपर जिला जज विनीत नारायण पांडे, अपर जिला जज संजय कुमार, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फर्रूख इनाम सिद्दीकी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे, सिविल जज (सीडि) विदुषी मेहा, रवि श्रीवास्तव, रितेश सिंह, चंद्रभान सिंह, धीरेंद्र शर्मा, अनुराग चन्देल, रेनू सिंह, चन्द्रकान्त कुमार राय आदि मौजूद रहे।

महिला पतंजलि योग समिति ने जिले में कई स्थानों पर अलग-अलग योग दिवस मनाया। सुंदर घाट गंगाजी किनारे दृष्टि संस्थान नेत्रहीन बालिकाओं के विद्यालय जिला कारागार में कैदियों को योग कराया। करो योग रहो निरोग के तहत जिला महिला प्रभारी श्रीमती मंजू केसरवानी मौजूद रहीं। संयुक्त जिला चिकित्सालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुधीर शर्मा ने स्टाफ को योगाभ्यास कराया। योग के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर चित्रकूट इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान का सराहनीय योगदान रहा।

# एसडीएम ने भी श्याम गुप्ता को दिया है दोषी करार

### 15 साल से श्याम गुप्ता रामलीला भवन को बनाये है कारोबार का अड्डा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** एसडीएम सदर राजबहादुर व नायब तहसीलदार रामानन्द मिश्रा ने 20 अप्रैल 2023 को डीएम को गोविन्द प्रसाद केशरवानी पुत्र स्व जगन्नाथ निवासी स्टेशन रोड पुरानी बाजार कर्वी की श्याम गुप्ता की शिकायत पर भेजी आख्या में कहा है कि रामलीला कमेटी ने शर्तों का उल्लंघन किया है।

बुधवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि जिला मुख्यालय के धुस मैदान में स्थित रामलीला भवन में श्याम गुप्ता रामलीला भवन का व्यवसायिक प्रयोग करता है। बिना अनुमति के मरम्मत व तोडफोड करता है। इस बाबत गोविन्द केशरवानी की शिकायतों पर एसडीएम सदर व नायब तहसीलदार ने जांचकर दी आख्या में कहा है कि छह अप्रैल 1953 के अभिलेख की छायाप्रति दी गई।

उसमें कहा है कि कुछ शर्तों के साथ रामलीला को नजूल भूमि का बैनामा दिया गया है। जिसमें स्पष्ट है कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्य के अलावा कोई और कार्य या किसी कारोबार के लिए रामलीला भवन प्रयोग नहीं किया जायेगा। ऐसा करने पर तीन महीने का नोटिस देकर नोटीफाइड एरिया को पुनः अपने कब्जे में लेने का अधिकार होगा। बिना नोटीफाइड एरिया की मंजूरी के कोई नया भवन या मरम्मत का कार्य नहीं होगा। रामलीला भवन में व्यवसायिक रुप से शादी-विवाह की बुकिंग की रसीदें पेश की गई हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि रामलीला कमेटी ने बैनामा आराजी नजूल इमारत की शर्तों का उल्लंघन किया है। नगर पालिका परिषद कर्वी रामलीला को शर्तों के उल्लंघन में नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करने का अधिकार है।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि रामलीला भवन में चारों तरफ लोहे के 18 टन के गेट लगे थे। जिनका कुछ अतापता नहीं है। राम-लक्ष्मण, भरत-शत्रुघ्न और हनुमान जी के चांदी के मुकुट का भी कोई पता नहीं है। 15 साल से रामलीला कमेटी का कोई हिसाब नहीं है। जिलाधिकारी को केसरवानी समाज के लोगों ने ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की थी। एसडीएम की अगुवाई में इस मामले की जांच हुई थी। आय-व्यय का कोई हिसाब प्रशासन के सामने श्याम गुप्ता नहीं दे सका है। किसी तरह के कागजात भी प्रशासन को नहीं दिखा सका है। ऐसे में श्याम गुप्ता के खिलाफ कडी कार्यवाही के साथ व्यवसायिक कारोबार की पूरी रिकवरी होनी चाहिए।

## बाविप अधिकारी का करें तबादला, डीएम ने पोषण समित की ली बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि बाल विकास परियोजना अधिकारी मऊ विभागीय कार्यों में रुचि नहीं ले रहीं। इनका तबादला आज ही मुख्यालय करके बतायें।

बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण मिशन में वजन, पोषाहार वितरण, सैम मैम बच्चों के चिन्हांकन कार्य, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी दोनों तालमेल से वीएचएसएनडी सेशन के दौरान सभी व्यवस्थाएं कराकर करायें तो प्रगति होगी। पिछले सेशन में कहां कमी रही, चिन्हित करें। जिले में पहले अच्छे कार्य हो रहे थे, अब कमी कहां है। देखकर सभी कार्यों की फीडिंग सही से कराएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों की बैठक प्रत्येक माह में दो बार करें, ताकि कार्यों में प्रगति हो सके। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का सर्वे कराकर जल जीवन मिशन के तहत पेयजल कनेक्शन हुए या नहीं, इसकी जानकारी लेकर बतायें। पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में आरबीएसके टीम से जानकारी की जाए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि एएनएम को निर्देश दे कि वीएचएसएनडी सेशन में स्वास्थ्य संबंधी चेकअप मशीनें व दवाओं को लेकर जाएं। बाल विकास परियोजना अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की जिम्मेदारी है कि पोषण मिशन के तहत किसी भी तरह की रिपोर्टिंग में गलती नहीं होनी चाहिए।

डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य छिवलहा व धौहाई में अभी तक कार्य क्यों नहीं शुरू हुआ। खंड विकास अधिकारी से जानकारी कर बतायें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एसडीएम सदर राजबहादुर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिकता से हल करें किसानों की समस्यायें: डीएम

### कलेक्ट्रेट में मना किसान दिवस

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने किसान दिवस में कहा कि शासन के निर्देशों के क्रम में किसान दिवस में जो समस्याएं विभागों को मिली हैं, उनके निस्तारण की बाबत किसानों को अवगत कराया। कहा कि चकबंदी, विद्युत, वन आदि विभागों की समस्याएं किसानों ने बताई है। उनका समय से निस्तारण कराएं।

बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि प्रधान देश में 40 करोड़ लोगों का पेट किसान पाल रहे हैं। किसान भाइयों ने जो समस्याएं बताई हैं उनका निस्तारण कर योजनाओं का लाभ दिलायें। उपनिदेशक कृषि से कहा कि किसानों के खेतों में तार फेंसिंग कराने का प्रस्ताव बनाकर मंडलीय खरीफ गोष्ठी में पेश करें। जल जीवन मिशन के तहत गांव की गलियों तथा टूटी सड़क की मरम्मत जल्द करायें। डीएफओ को निर्देश दिए कि वन क्षेत्राधिकारी बरगढ़ की अवैध पेड़ कटान की शिकायत मिली है। उसकी जांच करायें। जिन गांवों में बंदरों का आतंक है, वहां से लेकर अन्य कहीं छोड़ने की व्यवस्था करें।

बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए कि जिन गांवों में चकबंदी चल रही है वहां के किसानों की समस्यायें जल्द निस्तारित करें। जिला कृषि अधिकारी से कहा कि मोटा अनाज की खेती के बीजों की व्यवस्था कराएं। अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि ट्यूबवेल कनेक्शन पर विद्युत लोड अधिक व मीटर रीडिंग अधिक आती है, टीम भेजकर जांच कराएं। उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने किसानों से कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र लाभार्थी ईकेवाईसी करा लें। अन्यथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलेगा। 23 जून को मंडलीय खरीफ गोष्ठी बांदा में हो रही है। जिला स्तर पर भी खरीफ गोष्ठी होगी। जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला ने बताया कि खरीफ के पर्याप्त मात्रा में बीज सभी कृषि केंद्रों में हैं। मोटा अनाज के भी बीज सभी जगह हैं। मोटा अनाज की बुवाई कराएं। इस वर्ष मोटा अनाज का उत्सव मनाया जा रहा है।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता सिंचाई आशुतोष कुमार, डिप्टी आरएमओ अविनाश चंद्र झा, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम समेत संबंधित अधिकारी, भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल समेत किसान भाई मौजूद रहे।

## ट्रेनें गुजरने पर अशोक पब्लिक स्कूल में होता कम्पन, स्कूल की कमजोर इमारत गिरने से बच्चों के जीवन को खतरा, खोह प्रधान ने डीएम से की कार्यवाही की मांग




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के खोह गांव की प्रधान रेखा देवी ने जनसुनवाई में जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा है कि अशोक पब्लिक स्कूल के खसरा नम्बर 1501 के तीन ओर ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण व कब्जा किया गया है। प्रधान ने अशोक पब्लिक स्कूल के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के समक्ष कलेक्टेज्ट में जनसुनवाई में खोह गांव की प्रधान रेखा देवी ने कहा कि अशोक पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता ने गाटा संख्या 1501 के पूरब में गांवसभा के गाटा संख्या 1500 की सडक में दर्ज है। लगभग दो फिट जमीन पर कब्जा करके अवैध निर्माण कराया है। उत्तर दिशा में गाटा संख्या 1504 में गांवसभा की सडक दर्ज है। उस पर भी कब्जा कर लिया है। अशोक पब्लिक स्कूल के 1501 नम्बर के दक्षिण में गाटा संख्या 1502 है। जो नाली के रुप में दर्ज है। उसे भी अशोक गुप्ता ने अपनी चहारदीवारी के अन्दर दबा लिया है।

उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि जब भी ग्राम पंचायत सदस्य आदि नाप कराने को कहते हैं तो अपनी वकालत की धौंस दिखाते हैं। तत्काल सभी ड्राइवर-कंडक्टर व अन्य कर्मचारियों को बुलाकर अपमानित कराते हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया कि एसडीएम की अगुवाई में एक जांच टीम गठित कर भू-माफिया की जांच कराई जाये। कहा कि अशोक पब्लिक स्कूल की तीन मंजिला इमारत नौ गुणे नौ के कालम पर खडी है। पीछे रेलवे भूमि है। जहां पर तेज गति से टेज्नें निकलती हैं। ऐसे में पूरी इमारत में कम्पन होने लगता है। ऐसे में कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है। जिससे बच्चों की जानमाल भी जा सकती है। ऐसे में इस इमारत को तत्काल ढहाने की कार्यवाही की जाये। दोषी अशोक गुप्ता के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही कर बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया जाये।

# एसपी के निर्देश पर बगरहा में लगी महिला चौपाल

### चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिलाओं/बालिकाओं में सुरक्षा का माहौल कायम करने को जारी अभियान मिशन शक्ति के तहत थानाध्यक्ष मारकुण्डी अनिल कुमार की मौजूदगी में बगरहा मजरा इटवा डुड़ैला में महिला चैपाल लगाई है। बुधवार को महिला चैपाल में महिला बीट सिपाहियों ने महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा व सहायता को शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों के महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से बताकर जागरूक किया। शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट बांटे। महिलाओं/बालिकाओं से कहा कि उनके साथ होने वाले किसी भी प्रकार के उत्पीड़न बाबत पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो, ताकि उत्पीड़न रोक जा सके। महिलाओं/बालिकाओं को गुड-टच, बैड-टच के बारे में विस्तार से बताया। अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले ही बैड-टच करते हैं और हम समझ नहीं पाते। इसके बारे में खुलकर बच्चों को बतायें तथा विशेष ध्यान रखें।

# विदेश संदेश

## इस्लामिक पहचान बचाने की कवायदः पाकिस्तान के शिक्षण संस्थानों में होली के जश्न पर बैन, उच्च शिक्षा आयोग का आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय की आवाज दबाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। अहमदिया मुस्लिमों के साथ-साथ हिंदू और सिख समुदाय को भी लगातार परेशान करने की खबरें



सामने आ रही हैं। इस बीच पाकिस्तान के उच्च शिक्षा आयोग के एक आदेश ने धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। इस आदेश में देशभर के शिक्षण संस्थानों में होली के जश्न को प्रतिबंधित कर दिया गया है। पाकिस्तान के मीडिया ग्रुप आज न्यूज के मुताबिक, उच्च शिक्षा आयोग ने आदेश में कहा है कि इस तरह की गतिविधियां (होली का जश्न) देश के सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों से पूरी तरह कटी हुई हैं। इस तरह के जश्न देश की इस्लामिक पहचान से भी अलग होने की तरह है।

## भारत को 'नाटो प्लस' में शामिल करने के लिए विधेयक लाने की तैयारी, सांसद ने कही ये बात

**टोरंटो।** अमेरिका के एक शक्तिशाली सीनेटर ने कहा है कि वह भारत को नाटो प्लस समूह का हिस्सा बनाने के लिए एक विधेयक पेश करने की योजना बना रहे हैं, जिससे चीन की बढ़ती चुनौतियों के बीच शीर्ष अमेरिकी प्रौद्योगिकी और रक्षा उपकरणों के हस्तांतरण में कोई दिक्कत नहीं होगी। अमेरिका के वरिष्ठ सांसद मार्क वॉर्नर ने कहा कि वह भारत को 'नाटो प्लस' का हिस्सा बनाने के लिए एक विधेयक पेश करने की योजना बना रहे हैं, जिससे चीन की बढ़ती चुनौतियों के बीच शीर्ष अमेरिकी प्रौद्योगिकी और रक्षा उपकरणों को स्थानांतरित करने में नौकरशाही के स्तर पर पेश आ रही परेशानियों को दूर किया जा सकेगा। 'उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) प्लस' (वर्तमान में नाटो प्लस 5) एक सुरक्षा व्यवस्था है, जो रक्षा और खुफिया संबंधों को बढ़ावा देने के लिए नाटो और पांच देशों- ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान, इज़राइल व दक्षिण कोरिया को एक साथ लाती है।खुफिया मामलों पर सीनेट की प्रवर समिति के अध्यक्ष वार्नर ने कहा कि यह अमेरिका-भारत संबंधों के लिए असाधारण रूप से महत्वपूर्ण सप्ताह है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ वार्ता के लिए वाशिंगटन आ रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷मैं प्रधानमंत्री मोदी के साथ यात्रा और विभिन्न बैठकों, अमेरिकी कांग्रेस में उनकी प्रस्तुति सुनने और प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में राजकीय रात्रिभोज में शामिल होने के अवसरों को लेकर उत्सुक हूं।÷ वॉर्नर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''सीनेट इंडिया कॉकस में मेरे सह-अध्यक्ष सीनेटर (जॉन) कॉर्निन और मैं इस सप्ताह इस विधेयक को एक स्वतंत्र (स्टैंडअलोन) विधेयक और रक्षा प्राधिकरण अधिनियम में संशोधन विधेयक के तौर पर पेश करेंगे, ताकि भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को गति देने में मदद मिले।''

## उत्तर कोरिया ने ब्लिंकन की चीन दौरे को बताया भीख यात्रा, अमेरिका पर भड़काने का भी लगाया आरोप

**वाशिंगटन।** उत्तर कोरिया ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की बीजिंग यात्रा पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ब्लिंकन की इस यात्रा को चीन पर दबाव बनाने की विफलता के तनाव को कम करने के लिए भीख यात्रा का नाम दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के पदभार संभालने के बाद यह चीन के साथ सबसे महत्वपूर्ण मुलाकातों में से एक है। इस मुलाकात में दोनों अपने तीव्र प्रतिद्वंद्विता को स्थिर रखने पर राजी हुए जिससे की उनके बीच संघर्ष तेज न हो। ब्लिंकन ने इस मुलाकात के बाद सोमवार को कहा कि उन्होंने चीन से उत्तर कोरिया को मिसाइल लॉन्च करने से रोकने का आग्रह किया। ब्लिंकन की इस यात्रा पर उत्तर कोरिया की एक मीडिया एजेंसी ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य तनाव कम करने के लिए भीख मांगना था। चीन को दबाने का प्रयास करना अमेरिका के अर्थव्यवस्था के लिए महंगा साबित हो सकता है। उनकी यह यात्रा चीन पर दबाव बनाने की विफलता को दर्शाता है।

## भारतीय अमेरिकी शिक्षाविदों में मोदी से मिलने की होड़, शिक्षा व स्वास्थ्य पर हुई चर्चा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका यात्रा पर पहुंचे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने के लिए भारतीय अमेरिकी शिक्षाविदों में होड़ सी मची है। अनेक अमेरिकी विश्वविद्यालयों के अध्यक्षों, कुलपतियों और उच्च शैक्षिक संस्थानों के निदेशकों सहित वैज्ञानिकों व समाज शास्त्रियों ने मोदी से मुलाकात की है। इस दौरान शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़े मसलों पर चर्चा भी हुई।

भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा की शुरुआत न्यूयॉर्क से की है। न्यूयॉर्क में मोदी से मिलने के लिए शिक्षाविदों का तांता लगा रहा। भारतीय मूल के विश्वविख्यात मृदा वैज्ञानिक और पद्मश्री से सम्मानित रतन लाल और प्रधानमंत्री मोदी के बीच गर्मजोशी भरी मुलाकात हुई। मृदा वैज्ञानिक के रूप में प्रो. लाल के योगदान को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है। दोनों लोगों ने मृदा विज्ञान के उपयुक्त प्रयोग से भारत में उर्वरा शक्ति बढ़ाने पर चर्चा की। प्रो. रतन लाल ने मोदी को अपनी लिखी पुस्तक भी उपहार में दी। प्रोफेसर रतन लाल ने कहा कि यह एक उत्कृष्ट बैठक थी। पीएम मोदी ने हमें भारतीय होने पर बहुत गर्व महसूस कराया है। मैंने इस बारे में चर्चा की कि कृषि जलवायु परिवर्तन का समाधान कैसे हो सकती है। हमें उम्मीद है कि हम पीएम मोदी की नीति के माध्यम से भारत की सेवा करने का अवसर मिलेगा।

न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के




टंडन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की निदेशक चंद्रिका टंडन ने मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि छात्रों में आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने की दिशा में चंद्रिका टंडन का प्रयास प्रशंसनीय है। मोदी से मिलने के लिए स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के ग्लोबल आउटरीच प्रोग्राम के मुखिया व दुनिया के चर्चित चिकित्सक डॉ. अनुराग मैरल भी पहुंचे। दोनों लोगों के बीच स्वास्थ्य की दिशा में श्रेष्ठतम कार्य करने पर चर्चा हुई। शिकागो विश्वविद्यालय के बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस के अधिष्ठाता माधव रंजन ने भी भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने भारत के बेहतर कारोबारी माहौल के साथ-साथ देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बारे में चर्चा की। व्हार्टन स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. जगमोहन एस राजू के साथ भी मोदी ने विचार विमर्श किया। उन्होंने भारत के स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और भारतीय युवाओं की उद्यमशीलता की भावना के बारे में चर्चा की। पेन स्टेट यूनिवर्सिटी की अध्यक्ष नीलि बेंदापुदी ने मोदी से मुलाकात के दौरान भारतीय शैक्षिक संभावनाओं पर विचार विमर्श किया। उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच अकादमिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप खोसला भी भारतीय प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे। उन्होंने शिक्षा प्रणाली को और मजबूत करने के साथ-साथ अनुसंधान और नवाचार के लिए उचित वातावरण बनाने के तरीकों पर चर्चा की। यूनिवर्सिटी ऑफ बफलो के अध्यक्ष डॉ. सतीश त्रिपाठी के साथ मोदी की चर्चा में भारत छाया रहा। उन्होंने बैठक के दौरान शिक्षा और नवाचार पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की।

## नेपाल के पोखरा एयरपोर्ट पर चीन से आई पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान

**काठमांडू।** नेपाल के पोखरा अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहली अंतराष्ट्रीय उड़ान भरी गई। चीन की सिचुआन एयरलाइंस ने बुधवार को चेंगदू से पोखरा के लिए पहली उड़ान भरी।

चीन से आए विमान से 130 यात्री पोखरा में उतरे हैं। नेपाल की नेशनल असेंबली के स्पीकर गणेश प्रसाद तिमिलसीना, सांसद प्रदीप यादव, धवल शमशेर जबरा, दीपा गुरुंग, उदय बहादुर बोहरा, हरिशंकर चौधरी और जीवन चौधरी सहित 9 सदस्यीय टीम भी चीन से आए विमान से उतरे है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने इस साल 1 जनवरी को इसका उद्घाटन किया लेकिन पोखरा में अंतराष्ट्रीय उड़ानें शुरू नहीं हुई थी। पोखरा एयरपोर्ट 305 मिलियन डॉलर की लागत से बनाया गया, जिसमें 215 मिलियन चीन के एक्ज़िम



बैंक, 30 मिलियन एशियाई विकास बैंक और 11 मिलियन डॉलर ओपेक फंड से लिए गए हैं। बाकी का निवेश नेपाल सरकार ने किया है। पोखरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग द्वारा बनाया गया। चीन ने बीआरआई के तहत पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण की बात कही है। हालांकि, नेपाल सरकार ने अभी तक बीआरआई को स्वीकार नहीं किया है।

## चीनी राजदूत ने फिर पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बीआरआई प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया

**काठमांडू।** नेपाल में चीन के राजदूत चेन सोंग ने एक बार फिर पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को चीनी परियोजना ब्रिक एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का हिस्सा बताया है। उन्होंने बुधवार को पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पहली अंतराष्ट्रीय उड़ान के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में यह दावा किया।

राजदूत सोंग ने यह भी कहा कि पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बीआरआई परियोजना के तहत चीन सरकार की मदद से डिजाइन और बनाया गया था। चीनी राजदूत का ताजा बयान आने के बाद नेपाल सरकार ने स्पष्ट किया है कि उसने अभी तक किसी भी बीआरआई परियोजना को स्वीकार नहीं किया है। पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 305 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से बनाया गया है, जिसमें से 215 मिलियन चीन के एक्ज़िम बैंक से, 30 मिलियन




एशियाई विकास बैंक से और 11 मिलियन डॉलर ओपेक फंड से लिए गए हैं। बाकी का निवेश नेपाल सरकार ने किया है।

नेपाल के प्रधान मंत्री प्रचंड ने एक जनवरी, 2023 को जब पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था, तब भी राजदूत सोंग ने इसे बीआरआई परियोजना के तहत बताया था। चीन ने दावा किया है कि एयरपोर्ट के निर्माण में वह नेपाल का इकलौता सहारा है। एयरपोर्ट को चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग ने बनाया है।

## शी जिनपिंग पर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, तानाशाह करार दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने का नाम नहीं ले रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की चीनी राष्ट्रपति शी जिनिपंग से मुलाकात के अगले ही दिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन चीन के राष्ट्रपति पर भड़क उठे। बाइडन ने जिनपिंग को तानाशाह करार दिया है।अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपनी चीन यात्रा के दौरान सोमवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात करने वाले सबसे उच्च स्तर के अमेरिकी राजनयिक हैं। बीजिंग में शी के साथ ब्लिंकन की यह मुलाकात दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के प्रयासों का हिस्सा थी। इस मुलाकात के ठीक एक दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान ने दोनों देशों के रिश्तों में तनाव का सबूत दे दिया है। ब्लिंकन व जिनपिंग की मुलाकात के ठीक एक दिन बाद मंगलवार की रात कैलिफोर्निया में एक शिलान्यास समारोह में बाइडेन ने कहा कि हाल ही में एक संदिग्ध चीनी



जासूसी गुब्बारा अमेरिका में घुस गया था, जिसे अमेरिकी लड़ाकू जेट ने उसे मार गिराया था। बाइडन ने दावा किया कि इस गुब्बारे से जासूसी उपकरणों से भरे दो बक्से बरामद हुए थे। इसके बाद से शी जिनपिंग बहुत परेशान हो गए। जिनपिंग को तानाशाह करार देते हुए बाइडेन ने कहा कि ऐसी घटनाएं तानाशाहों के लिए बहुत शर्मिंदगी की बात होती हैं।

## रूस-यूक्रेन युद्ध के साथ इन मुद्दों पर चर्चा करेंगे मोदी-बाइडन

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के चार दिवसीय दौरे पर हैं। अमेरिका के व्हाइट हाउस ने जानकारी दी है कि राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ मिलकर पीएम मोदी यूक्रेन मुद्दा पर चर्चा कर सकते हैं। कुटनीतिक संचार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने बताया कि दोनों नेता शांति सम्मेलन या शांति प्रस्ताव पर किस हद तक बात करेंगे, मैं फिलहाल इसके बारे में कुछ नहीं कह सकता।

**अमेरिका दौरे पर पीएम मोदी**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के निमंत्रण पर पीएम मोदी 21 से 24 जून के लिए अमेरिका दौरे पर गए हैं। 22 जून को जो बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन की तरफ से पीएम मोदी के लिए व्हाइट हाउस में विशेष रात्रिभोज का आयोजन किया गया है। 22 जून को पीएम मोदी अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे।

**यूक्रेन मुद्दे पर हो सकता है चर्चा**

मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फेरेंस को संबोधित करते हुए किर्बी ने कहा कि यूक्रेन शांति प्रक्रिया में तीसरे पक्ष के तौर पर देश की भूमिका का हम स्वागत करते हैं। उन्होंने अबतक इस मुद्दे पर दूसरे देशों की भूमिका पर कहा- -हम लंबे समय से कह रहे हैं कि शांति प्रक्रिया में शामिल तीसरे पक्ष के देश की भूमिका का स्वागत किया जाएगा। हमारा मानना है कि शांति प्रक्रिया में तीसरे पक्ष के देश की ऐसी भूमिका हो सकती है।' जो बाइडन और पीएम मोदी के बीच मीटिंग में यूक्रेन युद्ध पर बातचीत होगी या नहीं, इस सवाल का जवाब देते हुए किर्बी ने कहा- 'मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि पीएम मोदी के इस यात्रा के दौरान इस सप्ताह यूक्रेन में युद्ध का मुद्दा उठेगा। इसके बारे में अब कोई सवाल नहीं है।'

## हाथों में तिरंगा और पीएम 'मोदी-मोदी' के नारों से गूंजा न्यूयॉर्क, प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए लंबी यात्रा कर पहुंचे भारतवंशी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर भारतीय मूल के नागरिकों में खासा आकर्षण देखा जा रहा है। लंबी यात्रा कर पहुंचे लोग अपने प्रिय नेता से मिलने हाथों में तिरंगा लिए और मोदी-मोदी के नारे लगाते हुए सड़कों के किनारे देखे गए। पीएम मोदी ने भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट पर और सड़कों के किनारे भारतवंशी लोगों की लंबी लाइन व्यक्ति हैं। वह देश की प्रगति के लिए सबकुछ कर रहे हैं। रामा ने



कहा कि मोदी का समर्थन किया जाना चाहिए। रामा ने भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार की कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो 'नेताओं को दंडित कर रहे हैं।'

इसी तरह, भारतवंशी रश्मिन एस मास्टर ने बृहस्पतिवार को वाशिंगटन डीसी में प्रधानमंत्री के स्वागत समारोह को देखने के लिए उत्साह के साथ अपना प्रवेश टिकट दिखाया। मास्टर (70) मोदी को भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने का श्रेय देते हैं। उन्होंने कहा कि मैं 1975 से अमेरिका में हूं। मोदी जो बदलाव लाए हैं, मैंने उसे देखा है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जून को प्रवासियों की एक सभा को संबोधित करेंगे। हालांकि इस कार्यक्रम में 1,000 लोग ही शामिल हो सकते हैं। इस बीच, कई लोग वाशिंगटन डीसी में दक्षिण लॉन में प्रधानमंत्री के औपचारिक स्वागत का निमंत्रण प्राप्त करने के प्रयास में जुटे हैं। मास्टर ने अपने मोबाइल पर टिकट दिखाते हुए कहा, 'मैं भाग्यशाली हूं।' शास्त्रीय नृत्यांगना दिशा पांड्या लॉन्ग आइलैंड से दो घंटे की ट्रेन यात्रा के बाद दो बच्चों के साथ होटल पहुंचीं। उनकी एकमात्र इच्छा मोदी की एक झलक पाने की है और उन्हें भरोसा है कि उनका सपना पूरा होगा। मोदी जिस होटल में ठहरेंगे, उसके बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच भारतीय अमेरिकियों के उत्साही समूह ने दिल खोलकर उनके समर्थन में नारे लगाए। अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा के लिए मोदी मंगलवार को न्यूयॉर्क पहुंचे हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## टाका-रुपे डेबिट कार्ड भारत और बांग्लादेश के बीच जल्द होगा शुरू

**ढाका।** बैंकिंग के क्षेत्र में भारतीय डेबिट कार्ड रुपे को मजबूत करने के क्रम में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए भारत-बांग्लादेश के बीच इसकी शुरूआत होने जा रही है। टाका-रुपे डेबिट कार्ड सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच लांच होगा। भारत में यात्रा के दौरान इस कार्ड से ट्रैवल कोटा में 12 हजार डॉलर खर्च किए जा सकते हैं बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर और प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री डॉ. अतिउर रहमान ने इस पहल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था और सक्रिय होगी। डॉलर पर दबाव कम होगा। इस संबंध में रहमान ने पहले भी हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में इसकी पहल करने को कहा था।

## चीन को करारा जवाबःभारत ने आतंकी साजिद मीर का ऑडियो UN में सुनाया, बताया- कैसे दे रहा था आतंकियों को निर्देश

**वेस्ट बैंक।** चीन ने एक बार फिर 26/11 हमले में शामिल लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी साजिद मीर को वैश्विक आतंकी घोषित करने में अड़ंगा लगा दिया है। चीन ने संयुक्त राष्ट्र में भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को रोक दिया है। इससे पहले भी चीन साजिद मीर को वैश्विक आतंकी घोषित करने में रोड़ा बन चुका है। अब इसे लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों की इच्छाशक्ति पर ही सवाल खड़े किए हैं। यूएन में भारत की ओर से विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अगर हम स्थापित आतंकियों को यूएन की वैश्विक आतंकियों की सूची में शामिल नहीं करा पा रहे तो यह आतंकवाद की चुनौती से निपटने की इच्छाशक्ति में कमी को दर्शाता है। इसी के साथ भारतीय राजनयिक ने यूएन में ही साजिद मीर की ऑडियो क्लिप भी सुनाई।

**साजिद मीर की ऑडियो क्लिप में क्या?**

प्रकाश गुप्ता की ओर से जो ऑडियो क्लिप चलाई गई, उसमें सुना जा सकता है कि कैसे मुंबई में हमलों के समय साजिद मीर आतंकियों को निर्देश दे रहा था। क्लिप में एक मौके पर यह भी सुना गया कि ताज होटल में जितने भी विदेशी हैं उन्हें मार दिया जाए। भारतीय राजनयिक ने कहा कि घटना के 15 साल बाद भी




साजिद मीर खुला घूम रहा है। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि एक देश में उसे पूरी सुविधाएं मिल रही हैं। यह आतंकवाद के प्रति दोहरा रवैया है। यह गुड टेररिज्म-बैड टेररिज्म की खतरनाक अवधारणा है।

**भारत ने बिना नाम लिए साधा चीन पर निशाना**

यूएन में भारतीय प्रतिनिधि ने कहा, 'अगर हम ऐसे स्थापित आतंकी, जिन्हें दुनियाभर में आतंकवादी करार दिया गया है, उन्हें भी कुछ देशों के भू-राजनीतिक हितों के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वैश्विक आतंकी घोषित नहीं करा पा रहे हैं तो इसका सीधा मतलब है कि हम में आतंकवाद की इस चुनौती से निपटने की असल राजनीतिक इच्छाशक्ति ही नहीं है।

**आतंकवाद को रोकने की कोशिश में रोड़ा बन रहा चीन**

चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत वैश्विक आतंकवादी के रूप में मीर को काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में डालने के लिए प्रस्ताव को रोक दिया। प्रस्ताव में उसकी संपत्ति जब्त करने, यात्रा और हथियार पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गई। इसके लिए अमेरिका ने प्रस्ताव पेश किया था और भारत ने उसका समर्थन किया था।

पिछले साल सितंबर में भी चीन ने संयुक्त राष्ट्र में मीर को आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव पर अड़ंगा लगा दिया था और बीजिंग ने अब प्रस्ताव को रोक दिया है। मीर भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक है और 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों में उसकी भूमिका के लिए अमेरिका की ओर से उस पर 50 लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम रखा गया है। बीते साल मीर को पाकिस्तान में एक आतंकवाद-रोधी अदालत द्वारा आतंक के वित्तपोषण मामले में 15 साल से अधिक समय के लिए जेल की सजा सुनाई थी। इससे पहले पाकिस्तानी अधिकारियों ने दावा किया था कि मीर की मौत हो चुकी है, लेकिन पाकिस्तान इसे साबित नहीं कर सका।

**भारत ने चलाई थी साजिद मीर की ऑडियो क्लिप**

इससे पहले अक्तूबर 2022 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मीटिंग में भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने मुंबई में साल 2008 में हुए आतंकी हमले के पाकिस्तानी कनेक्शन का खुलासा किया था। इसमें बताया गया कि आतंकियों के आका मुंबई हमले की साजिश रच रहे थे और कैसे उन्होंने आदेश देकर इस हमले को अंजाम दिलाया। यह आदेश देने वाला साजिद मीर था जो उस वक्त पाकिस्तान में बैठकर मुंबई में आए 10 आतंकियों को फोन पर निर्देश दे रहा था। इस संबंध में भारत ने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सामने एक ऑडियो क्लिप भी चलाई थी। ऑडियो क्लिप मुंबई के छबाड़ हाउस की है जहां साजिद मीर आतंकियों से कह रहा था, 'जहां कहीं पर लोगों की मूवमेंट नजर आती है।